




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल








वर्ष- 13, अंक - 287 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 3 अगस्त 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 3 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। सीएम बघेल ने उनकी कृतियों को याद करते हुए कहा कि गुप्त जी का काव्य जन-जागरण और नैतिक चेतना से ओतप्रोत था। राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत खड़ी बोली की उनकी रचनाओं ने बड़े वर्ग पर प्रभाव डाला। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी रचनाओं के प्रभाव को देखते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी। गुप्त जी को उनके कालजयी साहित्य के लिए पद्मभूषण सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुप्त जी की रचनाएं भारतीय सहित्य की अमूल्य धरोहर हैं, जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना के 595 नए मरीज मिले, 3 की मौत, महासमुंद के नवोदय विद्यालय में 54 स्टूडेंट्स पॉजिटिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को प्रदेश में 595 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3360 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 652 रायपुर व 435 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं। कोरोना से रायपुर, दुर्ग और रायगढ़ जिले में 1-1 मरीज की मौत भी हुई है। महासमुंद जिले के सरायपाली जवाहर नवोदय विद्यालय में एक साथ कोरोना के 56 केस मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। इन संक्रमितों में 2 स्टाफके साथ 54 स्टूडेंट्स हैं।

हर घर तिरंगा अभियानः 13 से 15 अगस्त के बीच 25 करोड़ घरो में तिरंगा फहराने का लक्ष्य

# भाजपा और कांग्रेस का राष्ट्रप्रेम के बहाने जनता को साधने की कोशिश

- कांग्रेस करेगी 90 विधानसभा पर 75 किमी पदयात्रा, भाजपा ने भी कसी कमर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के नागरिकों को 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने केंद्र सरकार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। छत्तीसगढ़ के साथ देश के 25 करोड़ घरों में तिरंगा फ्हराने का लक्ष्य रखा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भाजपा भी तिरंगा यात्रा की तैयारियों में जुटी है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय सहित भाजपा नेता वीडियो संदेश जारी कर घरों में तिरंगा लगाने की अपील कर रहे हैं। इधर कांग्रेस भी 9 अगस्त से पदयात्रा निकालने जा रही है। दोनों राजनीतिक दलों के बीच राष्ट्रप्रेम के बहाने सियासत शुरू हो गई है।

हर घर तिरंगा को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिसमें सभी की भागीदारी की अपील की जा रही है। अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। विशेष तौर पर सोशल मीडिया का जमकर उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को



सोशल मीडिया अकाउंट में डीपी और प्रोफाइल पिक लगाने की अपील की है। इधर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 9 अगस्त से भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई थी। 9 से 15 तारीख तक कांग्रेस पार्टी भी 75 किलोमीटर पदयात्रा करेगी। यह आयोजन प्रदेश के हर विधानसभा में होगा।

### मिशन-2023 के तहत बड़ी जीत पर काम कर रही है कांग्रेस

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर कांग्रेस 90 विधानसभा सीटों पर 75 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से अभी कांग्रेस के पास 71 सीट हैं। मिशन-2023 के तहत कांग्रेस बड़ी जीत पर काम कर रही है। कांग्रेस का प्लान 75 सीटों पर जीत का है। विधानसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल का वक्त बचा है। तिरंगा यात्रा के बहाने कांग्रेस के कार्यकर्ता एक्टिव होंगे और संगठन व सत्ता से जुड़े लोग आम जनता से सीधे जुड़ सकेंगे। भाजपा भी हर घर तिरंगा पहुंचाने के बहाने जनता के बीच पहुंचेगी, ताकि लोगों से सीधा संवाद हो, जिसका फायदा आगामी चुनाव में मिले।

### भाजपा राष्ट्रभक्ति की नौटंकी कर रही-मरकाम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा के तिरंगा यात्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को तिरंगे का महत्व समझने में 75 साल लग गए। भाजपा को झंडा फहराने का काम आरएसएस मुख्यालय नागपुर और देशभर के संघ कार्यालयों से शुरू कर प्रायश्चित करना चाहिए। जिनका भारत की आजादी की लड़ाई में रत्तीभर योगदान नहीं है। आज वही राष्ट्रवाद की बात कर रहे हैं। देश की आजादी में कांग्रेस का क्या योगदान है, यह सभी जानते हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के नाम पर राष्ट्रभक्ति की नौटंकी करने वाले भाजपाई आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का विरोध करते थे।

## संपत्ति कुर्क करने के लिए लोकल चिटफंड कंपनियों को किया जाएगा टार्गेटः कलेक्टर

**दुर्ग।** चिटफंड निवेशकों को उनके रकम वापिसी कैसी कराई जाये इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार साकारात्क कदम उठाये जा रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने राजस्व अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक रखी थी। जिसमें एसपी डॉ वैभव पल्लव द्वारा जानकारी मुहैया कराई गई कि चिटफंड द्वारा धोखा देने वाले कंपनियों के संचालकों का चिन्हांकन कर उन पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उन चिटफंड कंपनियों को टार्गेट करने के लिए कहा जिनकी प्रोपर्टी राज्य के अंदर ही है ताकि उन लोगों पर शिकंजा कसकर जल्द से जल्द उनकी प्रापर्टी कुर्क कराकर अनुपातिक रूप से पैसा हितग्राहियों को बांटा जा सके। उन्होंने जिले में पूर्व में कार्यरत सभी चिटफंड कंपनियों की चल व अचल संपत्तियों की गहनता से जांच करने के पुनः निर्देश दिये। इसके साथ-साथ उन्होंने तहसीलदारों को कंपनी के एजेंट्स और अन्य स्त्रोंतों से संचालक के चल व अचल संपत्ति एकत्रित करने के निर्देश भी दिये जिससे की आगे की कार्रवाई में सुविधा हो।






## नक्सल प्रभावित अंतागढ़ तक होगा ट्रेन का विस्तार, 13 से शुरुआत, आजादी के अमृत महोत्सव में मिलेगी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंतागढ़।** दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन का काम सुरक्षा बलों की मौजूदगी में किया जा रहा है। अंतागढ़ तक बन चुके रेल लाइन पर अब ट्रेन चलानी की तैयारी है। कांकेर जिले के केंवटी तक चल रही ट्रेन को विस्तार करते हुए अंतागढ़ तक चलाने रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ से 2 दिन पहले यात्रियों को यह सौगात मिलेगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रेललाइन विस्तार का काम 2016 से शुरू किया गया है। अंतागढ़ से ट्रेन शुरू होने से वनाचल क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधाएं मिलेगी। वहीं सड़क मार्ग की अपेक्षा किराया भी कम लगेगा।

राजधानी रायपुर से दुर्ग, बालोद, दल्लीराजहरा होते हुए कांकेर जिले के केवटी तक चल अभी यात्री ट्रेन चल रही है। इस ट्रेन को 13 अगस्त से अंतागढ़ तक चलाने की मंजूरी मिल गई है। कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी ने बताया रेल मंत्रालय से यात्री ट्रेन अंतागढ़ तक चलाने हरी झंडी



मिल चुकी है। मंत्रालय की ओर से उन्हें 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे निर्धारित स्थान पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने कहा गया है।

### आजादी के 75 साल बाद पहुंची ट्रेन की सुविधा

बता दें कि केवटी से अंतागढ़ तक 17 किलोमीटर पटरी बिछाने के अलावा ट्रेन चलाने ट्रायल पूरा हो चुका है। रायपुर, दुर्ग, बालोद व कांकेर जिले के लिए यह महत्वपूर्ण ट्रेन है। अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की सुविधा पहुंच रही है। रेल लाइन का विस्तार रावघाट तक किया जाएगा, जहां से भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की आपूर्ति होगी। रावघाट से जगदलपुर तक दूसरे चरण में रेललाइन विस्तार करना है।

### जगदलपुर तक होना है रेल लाइन का विस्तार

बता दें कि बस्तर में रावघाट से जगदलपुर तक रेल परियोजना का काम कई सालों से अटका पड़ा है। रायपुर से अंतागढ़ तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले चरण में पूरा हो गया है। वहीं अंतागढ़ से जगदलपुर तक का काम अटका है। भूमि अधिग्रहण और नक्सल समस्या की वजह से काम आगे नहीं बढ़ पाया है। साल 2022 तक रावघाट से लेकर जगदलपुर तक करीब 141 किमी तक पटरियां बिछनी थीं। रेललाइन काम जल्द शुरू कराने 3 अप्रैल को बस्तर रेल आंदोलन शुरू हुआ था। बस्तर के लोगों ने अंतागढ़ से जगदलपुर तक करीब 170 किमी पैदल मार्च किया था। जिसे सभी वर्गों का समर्थन मिला।

### 16 लाख के इनामी कपल ने किया सरेंडर, 14 नक्सली हमलों में रहे शामिल, 175 जवान हुए थे शहीद

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को पुलिस के समक्ष एक माओवादी कपल ने समर्पण किया है। इन दोनों माओवादियों पर 8-8 लाख रुपये के इनाम घोषित किये गए थे। समर्पण करने वाले माओवादियों में पुरुष का नाम सलवम मुत्ता उर्फ सुक्कू व महिला माओवादी का नाम गंगी बताया जा रहा है। समर्पण के बाद दोनों माओवादियों से हुई पूछताछ व अन्य जानकारी के आधार पर पुलिस ने कई अहम जानकारियां उपलब्ध करवाई हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों माओवादी समर्पण से पहले दक्षिण बस्तर के बटालियन नंबर 01 में सक्रिय थे। सुक्कू 16 वर्षों से व गंगी 10 वर्षों से संगठन में काम कर रहे हैं। साल 2009 से अब तक दोनों ने लगभग 14 अलग-अलग नक्सली हमले में अपनी भूमिका निभाई है। जिसमें कुल 175 जवान शहीद हो चुके हैं। इन घटनाओं में ताड़मेटला और टेकलगुड़ा जैसी घटनाएं भी शामिल हैं, जिसमें 76 और 22 जवान शहीद हुए थे।

## स्त्री पुरूष के बीच की चौड़ी होती खाई



दीपक रंजन दास




पिछले कुछ दशकों में जाने-अनजाने में हमने स्त्री और पुरुष के बीच एक गहरी खाई खोद दी है। प्राकृतिक रूप से ये एक दूसरे के पूरक हैं। पर हमने इन्हें प्रतिद्वंद्वी बना दिया है। एक होड़ सी लग गई है महिलाओं में, स्वयं को पुरुष या पुरुष से बेहतर साबित करने की। इस अखाड़े में पुरुष खलनायक है। तकरार इतनी बढ़ चुकी है कि अब स्त्री-स्त्री से और पुरुष-पुरुष से विवाह करने पर उतारू हो गए हैं। उन्हें यह ज्यादा सुरक्षित लगता है। भले ही अभी इसके मामले संख्या में कम हो, पर उनके समर्थकों की संख्या को इसमें जोड़ दिया जाए तो यह हिमशैल (आइसबर्ग) जैसा प्रतीत होता है। हिमशैल पानी में तैरते बर्फके वो विशाल टुकड़े हैं जिनका केवल दसवां हिस्सा ऊपर से नजर आता है। इसका नब्बे फीसद हिस्सा पानी के भीतर होता है। ताजा मामला छत्तीसगढ़ के कोरबा का है। दो सखियां एक दूसरे में इस कदर खो गईं कि साथ रहने के लिए घर से भाग गईं। पर जब कहीं टिकने की जगह नहीं मिली तो लौट कर घर आ गईं। इसके बाद घरवालों ने दोनों की शादी अलग-अलग लड़कों से करवा दी। पर ये शादियां टिकी नहीं। थोड़े ही दिन में दोनों एक बार फिर घर से भाग गई हैं। इससे पहले नागपुर में हुई एक सगाई सुर्खियों में रही। एक महिला डाक्टर ने अपनी अकाउंटेंट सखी से सगाई की और फिर गोवा में दोनों ने शादी भी कर ली। जुलाई 2019 में कानपुर की दो बहनों ने बनारस के हनुमान मंदिर में जाकर शादी कर ली। इसी साल जून में गुजरात के वदोदरा की क्षमा बिंदु ने स्वयं से विवाह रचा लिया। देहरादून में पिछले तीन साल से एलजीबीटीक्यूएआई समुदाय गर्वोत्सव मना रहा है। इस साल 24 जुलाई को आयोजित गर्वोत्सव में लेस्बियन, गे, बाईसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीयर, इंटरसेक्स और एसेक्सुअल जोड़े जुटे। आम लोग भी बड़ी संख्या में इस परेड में शामिल हुए। दुनिया भर में ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। आस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, यूएस और यूके सहित दुनिया के 32 देशों में समलिंगी विवाह को कानूनी मान्यता है। तो क्या प्रकृति स्वयं अपनी छाती पर बढ़ रहे इंसानों के बोझ को कम करने के रास्ते निकाल रही है? कुछ लोगों का मानना है कि स्त्रियों के अधिकारों की बातें करते करते कथित सभ्य समाज एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है जहां शादी को टिकाए रखने की पूरी जिम्मेदारी अकेले पुरुष की हो गई है। तमाम विसंगतियों के बीच कुछ शादियां केवल इसलिये टिकी हुई हैं कि पत्नी पति पर निर्भर है। जहां ये निर्भरता खत्म हुई, गाड़ी के दोनों बैल अलग-अलग दिशा पकड़ लेते हैं। इससे अलग रिश्तों के प्रति उदासीन दंपति आध्यात्म के नए फार्मेट से जुड़ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या समाज में तेजी से बढ़ रही है। इन्हें सामाजिक मान्यता भी मिल गई है। ये सभी अपनी-अपनी तरह से वैवाहिक संस्था को चुनौती दे रहे हैं।




## संपादकीय

# अब छापेमारी

नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला गंभीर होता दिख रहा है। पहले कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं से पूछताछ हुई और अब ईडी ने नेशनल हेराल्ड के दफ्तरों पर छापेमारी की है। मनी लॉंड्रिंग केस की जांच कर रहे ईडी ने कांग्रेस समर्थित अखबार नेशनल हेराल्ड के दफ्तरों पर जो छापेमारी की है, उसके बड़े गहरे निहितार्थ हैं। प्रश्न है, क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ में एजेंसी को ऐसा कुछ पता चला है, जिसकी वजह से नेशनल हेराल्ड पर छापा मारने की नौबत आई? किसी अखबार के कार्यालय पर छापा मारने की नौबत आना अपने आप में बड़ी चिंता की बात है। ईडी को बहुत फूंक-फूंककर कदम रखना चाहिए। यह इतना बड़ा मामला बन गया है और इसमें इतने बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं कि दूध का दूध और पानी का पानी होना ज्यादा जरूरी है। जांच अंजाम तक पहुंचे, तभी ईडी की कार्रवाई का औचित्य साबित होगा। खास यह है कि ईडी अर्थात प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने नेशनल हेराल्ड के दफ्तर सहित 12 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है। यह कोई मामूली कार्रवाई नहीं है, इसका असर न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि देश की अन्य राजनीतिक पार्टियों और संसद के भीतर भी देखने को मिल सकता है।

> “ संकेत यही है कि अभी तक ठोस रूप से आम लोगों के सामने कोई सुबूत नहीं आया है, तो ईडी ऐसे ही सुबूत की तलाश में है। अब यह बहस तलब है कि कुछ अकाट्य सुबूत जुटाने के बाद अगर ईडी दिग्गज नेताओं से पूछताछ करती, तो शायद इसका इतना विरोध नहीं होता। यह हाई-प्रोफाइल मामला एजेंसियों के लिए भी किसी सबक से कम नहीं है। सभी जांच एजेंसियों को अपनी साख की चिंता अवश्य होनी चाहिए, सियासत की चिंता करना उनका काम नहीं है।

ध्यान रहे, सोनिया गांधी से ईडी ने कई दिन पूछताछ की थी। उससे पहले राहुल गांधी से भी लगातार कई दिनों तक पूछताछ हुई, जिसका विरोध कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश भर में किया था। पूछताछ के विरोध की राजनीति जितनी गलत है, उतनी ही गलत है जांच एजेंसियों को लेकर होने वाली शिकायतें। कुल मिलाकर, मनी लॉंड्रिंग के इस मामले को सियासी मामला नहीं बनाना चाहिए, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने देश में विपक्षी पार्टियां हमेशा से ही सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाती रही हैं। विपक्ष में रहकर एजेंसियों के दुरुपयोग की चर्चा करने वाली पार्टियां सत्ता में आकर ऐसे ही आरोपों के निशाने पर आ जाती हैं। यह मामला ठीक उसी तरह से है कि जैसे विपक्ष में बैठी पार्टियों के लिए महंगाई एक बहुत बड़ा मुद्दा है। ऐसे में, आम लोगों का भ्रम गहरा जाता है कि आखिर क्या सही है और क्या गलत? ईडी ही नहीं, वर्तमान सरकार की भी यह जिम्मेदारी है कि वह इस भ्रम को दूर करे और राजनीतिक बदले के आरोपों की गुंजाइश छोड़ने से बचे। मामले का जल्द से जल्द पटाक्षेप होना भी जरूरी है, क्योंकि इसका असर भविष्य की राजनीति पर पड़ेगा और देश में बदले की सियासत तेज होगी।

बताया जाता है कि मनी लॉड्रिंग के इस कथित मामले में मोतीलाल वोरा की ज्यादा भूमिका थी और अब तक हुई पूछताछ में भी वोरा का नाम बार-बार आया है। क्या वाकई इस मामले में लेन-देन हुई है? ईडी के लिए यह जरूरी है कि वह लेन-देन को साबित करे। जाहिर है, छापेमारी का उद्देश्य साक्ष्य जुटाना है। लेन-देन साबित किए बिना मनी लॉंड्रिंग के इस मामले में मजबूती नहीं आएगी। संकेत यही है कि अभी तक ठोस रूप से आम लोगों के सामने कोई सुबूत नहीं आया है, तो ईडी ऐसे ही सुबूत की तलाश में है। अब यह बहस तलब है कि कुछ अकाट्य सुबूत जुटाने के बाद अगर ईडी दिग्गज नेताओं से पूछताछ करती, तो शायद इसका इतना विरोध नहीं होता। यह हाई-प्रोफाइल मामला एजेंसियों के लिए भी किसी सबक से कम नहीं है। सभी जांच एजेंसियों को अपनी साख की चिंता अवश्य होनी चाहिए, सियासत की चिंता करना उनका काम नहीं है।

## राष्ट्रपति नहीं, राष्ट्राध्यक्ष बोलें

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति की जगह 'राष्ट्रपत्नी' शब्द बोलकर तूफान-सा खड़ा कर लिया है। यह शब्द उन्होंने कल संसद के बाहर कहीं बोल दिया था। भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता देश में जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान है। इसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। संसद की कार्रवाई भी इस मुद्दे को लेकर ठप्प हो गई है।

भाजपा के मंत्री और सांसद आग्रह कर रहे हैं कि अधीर रंजन संसद में माफी मांगे। अधीर रंजन का कहना है कि वे भाजपाइयों से माफी क्यों मांगें? कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि उन्होंने पहले ही राष्ट्रपति से माफी मांग ली है। उनकी जुबान फिसल जाने का उन्हें दुख है। वे बंगाली है। उन्हें हिंदी ठीक से नहीं आती। यह तर्क तो कमजोर है। क्या कोई बंगाली कह सकता है कि वह पति और पत्नी शब्दों में अंतर करना नहीं जानता? वैसे अधीर रंजन इस तरह की गल्तियां करने के लिए पहले से जाने जाते हैं।

उन्होंने नरेंद्र मोदी को एक बार 'गंदी नाली' की उपमा दे दी थी। उन्होंने कश्मीर को भारत का सिर्फ भौगोलिक हिस्सा बता दिया था। उन्होंने पं. बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को 'पागल' तक कह दिया था। उम्मीद है कि भाजपाइयों का यह क्रोध-प्रदर्शन उन्हें अब अधीर रंजन से सुधीर रंजन बना देगा। लेकिन इस विवाद ने मेरी एक पुरानी दुखती रग पर उंगली रख दी है।

पचासों वर्षों पहले मैं सोचता रहता था कि यदि कोई महिला हमारे देश के इस सर्वोच्च पद पर पहुंचेगी तो क्या उसे भी हम 'राष्ट्रपति' ही कहेंगे? तब मुझे लगता था कि इस शब्द का कोई विकल्प ढूंढना चाहिए वरना बड़ी हास्यास्पद स्थिति पैदा हो जाएगी। तब मेरे दिमाग में जो वैकल्पिक शब्द आया, वह था- राष्ट्राध्यक्ष! यदि कोई महिला इस पद पर चुनी गई तो उसे हम 'राष्ट्राध्यक्षा' आसानी से कह सकते हैं।

लेकिन अपना देश तो अंग्रेजी का गुलाम है। उसमें 'प्रेजिडेंट' शब्द का प्रयोग किसी भी महिला या पुरुष या दोनों के लिए हो सकता है तो अंग्रेजी के 'प्रेजिडेंट' का हिंदी अनुवाद 'राष्ट्रपति' भी दोनों पर थोपा जा सकता है। मेरी राय में यह गलत है। 'राष्ट्रपत्नी' शब्द को आपत्तिजनक बताकर हम क्या भारत के महिला समाज का अपमान नहीं कर रहे हैं?

लेकिन इस प्रश्न का उचित समाधान यही है कि हम पति और पत्नी के दलदल में न फंसें और राष्ट्रपति और राष्ट्रपत्नी के बजाय राष्ट्राध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्षा शब्दों का प्रयोग करें। यही प्रयोग लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्षों और अध्यक्षाओं के लिए भी हो सकता है, हालांकि पति शब्द ऐसा नहीं है कि उसका उपयोग सिर्फ पत्नी के विलोम के रूप में ही इस्तेमाल किया जाए।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ मगर भारत के खिलाफ उसके हाथ-पैर बंधे नहीं हैं। दोनों देशों की सीमा एक होने के कारण पाकिस्तान जबावी कार्रवाई में कुछ भी कर सकता है। साफ है, भारत को युद्ध में उतरना पड़ सकता है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा, जबकि बदले में, हम सिर्फ एक या दो आतंकी मार सकेंगे। इसीलिए सीमा पार जो कार्रवाई अमेरिका कर सकता है, वह क्षमता के बावजूद भारत शायद ही करना चाहेगा। हमारे लिए यह काफी महंगा सौदा होगा।

# दहशत के दो सरगनाओं का खात्मा

कबीर तनेजा, शोधकर्ता, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन

अल कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी को मार गिराने से अमेरिका के आतंकवाद-विरोधी अभियान को नई ऊर्जा मिली है। 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले के दो मुख्य सूत्रधारों में एक जवाहिरी भी था। एक अन्य आतंकी ओसामा बिन लादेन को 2011 में पाकिस्तान के अबोटाबाद में मार गिराया गया था। इस लिहाज से देखें, तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का यह बयान स्वाभाविक है कि न्याय की जीत हुई। जिस मकसद से अमेरिकी फौज 2001 में अफगानिस्तान की ओर निकली थी, दोनों आतंकियों की मौत के बाद वह अभियान पूरा हो गया है।

जवाहिरी सिर्फ अल कायदा का सरगना नहीं था, वह इस आतंकी संगठन के संस्थापकों में से एक था। हालांकि, यह नहीं कह सकते कि उसकी मौत के बाद अल कायदा की कमर टूट गई है। ऐसे संगठन वैचारिक आधार पर टिके होते हैं। इनके सरगना को जरूर खत्म किया जा सकता है, लेकिन जल्द ही कोई नया नेतृत्व भी उभर आता है। हां, चूंकि अल कायदा के दोनों बड़े नेताओं को अब मार गिराया गया है, इसलिए फिलहाल कहा जा सकता है कि नए प्रमुख के उभरने और इन दोनों की तरह प्रभावशाली बनने में उसे वक्त लगेगा।

संयुक्त राष्ट्र में बताया गया है कि अल कायदा के तीन से चार हजार लड़ाके हैं, लेकिन इनकी ज्यादातर संख्या अफगानिस्तान में ही होगी। इसलिए चिंता उन गुटों से ज्यादा है, जो इसके समर्थक हैं। पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब या पश्चिमी अफ्रीका में सक्रिय जेहादी संगठनों की तरफ तो हमारा ध्यान ही नहीं जाता। अच्छी बात यह है कि पहले अल कायदा के दो मुख्य समर्थक गुट हुआ करते थे, जो खासा बड़े भी थे, जिनमें पहला था, यमन में सक्रिय एक्यूएपी, यानी अल कायदा इन अरेबियन पेनिन्सुला, जिसके नेता को 2016 के ड्रोन हमले में मार गिराया गया था। और दूसरा गुट था, अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट, यानी एक्यूआईएस। इसके नेता को भी 2019 में मार गिराया गया था। जाहिर है, चार बड़े नेताओं में सिर्फ जवाहिरी अब तक जीवित था, जिसकी मौत के साथ अल कायदा के शीर्ष नेतृत्व का सफाया हो गया है।



हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में तालिबान सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। जवाहिरी काबुल में मारा गया है, यानी उसे वहां पनाहगाह मिली हुई थी। साल 2020 में जब तालिबान ने अमेरिका के साथ दोहा में समझौता किया था, तब उसकी शर्तों में एक शर्त यह भी थी कि तालिबान अफगानिस्तान में अल कायदा या अमेरिका-विरोधी किसी भी आतंकी गुट के नेता को शरण नहीं देगा। हालांकि, कई तालिबानी नेता जवाहिरी के काबुल में होने से अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं, मगर उसकी मौत ने तालिबान पर दबाव बढ़ा दिया है।

यहां पाकिस्तान की भूमिका भी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। अफगानिस्तान एक 'लैंड लॉक्ड नेशन' है, यानी वह चारों तरफ से किसी न किसी देश से घिरा हुआ है। ऐसे में, सवाल यह है कि जवाहिरी को मारने के लिए अफगानिस्तान में ड्रोन भेजा कैसे गया? चूंकि ईरान के रास्ते अमेरिका यह नहीं कर सकता और मध्य एशिया में उसका कोई एयरबेस नहीं है, इसलिए पाकिस्तान ही वह जगह दिखता है, जहां से अमेरिकी ड्रोन ने उड़ान भरी होगी। इसका सच भी कुछ दिनों में जाहिर हो जाएगा, मगर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में राहत पैकेज के लिए खींचतान व पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत जैसी परिस्थितियां यही बता रही हैं कि पाकिस्तान को अमेरिका की सख्त जरूरत है। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान को यह भी पता होगा कि जवाहिरी का ठिकाना कहां है, क्योंकि काबुल में हक्कानी नेटवर्क का खासा प्रभाव है और हक्कानियों के पाकिस्तान से संबंध जगजाहिर हैं।

अमेरिका बार-बार 'ओवर द हॉरिजन' कार्रवाई की बात कहता रहा है। इसका अर्थ है कि वह अपने सैनिकों को अब जमीन पर नहीं भेजेगा, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ ड्रोन या हवाई हमले करते रहेगा। अभी कुछ समय पहले तक उसका यही कहना था कि उसे मात्र पाकिस्तान में एक हवाईपट्टी हासिल है, इसलिए अगर उसने उसकी मर्जी के खिलाफ कुछ किया, तो संभव है कि यह सुविधा उससे छिन जाए। जाहिर है, अमेरिका पिछले तीन-चार महीने पहले तक 'ओवर द हॉरिजन' कार्रवाई को लेकर उलझन में था, उसने अब सीधे अल कायदा प्रमुख को निशाना बनाया है, तो समझा जा सकता है कि उसे किस हद तक मदद मिली होगी?

पाकिस्तान ने सिर्फ जवाहिरी की मुखबिरी नहीं की होगी, अमेरिकी खुफिया एजेंसी को 'ऑन ग्राउंड' भी पहुंचाया होगा। सीआईए के पास दो दशक तक काबुल में रहने का अनुभव है और विभिन्न गुटों में बंटे अल कायदा के कई समूहों के साथ उसके अच्छे रिश्ते भी होंगे, फिर भी अमेरिकी खुफिया एजेंसी की काबुल में मौजूदगी उल्लेखनीय है, जबकि पिछले साल उसके प्रमुख बिल बर्न्स ने कहा था कि अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की विदाई से सीआईए की जांच व सुरक्षा संबंधी गतिविधियां प्रभावित होंगी।

बहरहाल, अमेरिका की यह कार्रवाई भारत के लिए भी सुकून की बात है। सवाल पूछा जाता है कि भारत ऐसा क्यों नहीं करता, जबकि उसके पास आतंकियों की एक लंबी सूची है? इस सवाल का जवाब इन कार्रवाइयों के पीछे के गणित में छिपा है। दरअसल, ऐसे अभियानों में भौगोलिक स्थिति काफी मायने रखती है। अमेरिका और पाकिस्तान एक-दूसरे के साथ कोई सीमा साझा नहीं करते। फर्ज कीजिए, अगर पाकिस्तान में यह कार्रवाई होती, तो इस्लामाबाद ज्यादा से ज्यादा क्या करता? वह अमेरिका से अपने राजदूत वापस बुला लेता या अपने यहां के अमेरिकी राजदूत को वापस भेज देता। चूंकि अमेरिका उससे हजारों मील दूर है, तो जाहिर है, सैन्य कार्रवाई वह कर नहीं सकता।

मगर भारत के खिलाफ उसके हाथ-पैर बंधे नहीं हैं। दोनों देशों की सीमा एक होने के कारण पाकिस्तान जबावी कार्रवाई में कुछ भी कर सकता है। साफ है, भारत को युद्ध में उतरना पड़ सकता है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा, जबकि बदले में, हम सिर्फ एक या दो आतंकी मार सकेंगे। इसीलिए सीमा पार जो कार्रवाई अमेरिका कर सकता है, वह क्षमता के बावजूद भारत शायद ही करना चाहेगा। हमारे लिए यह काफी महंगा सौदा होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पुलिस में महिलाओं को पहली कतार में लाना ही होगा

संदीप सुखतंकर, अ. प्रोफेसर, वर्जीनिया यूनि.

महामारी के दो साल में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के वैश्विक संकट ने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरी हैं। भारत कोई अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के हालिया विश्लेषण से पता चला है कि घरेलू या दहेज संबंधी विवादों के कारण हर घंटे एक महिला की मौत हो जाती है, जबकि दो के साथ बलात्कार होता है। एक अन्य हालिया अध्ययन में बताया गया है कि 40 फीसदी भारतीय स्त्रियां अपने जीवनकाल में अंतरंग साथी से या पारिवारिक दुर्व्यवहार का अनुभव करती हैं। फिर भी, महिलाओं के खिलाफ होने वाले अधिकांश अपराधों को दर्ज नहीं किया जाता है। उदाहरण के लिए, हाल की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बलात्कार के 99 प्रतिशत मामले पुलिस को रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं, बल्कि जहां महिलाएं पुलिस से संपर्क करती हैं, वहां अधिकारी उनकी शिकायत दर्ज करने का विरोध करते हैं। पुलिस अक्सर महिलाओं पर झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाते हुए या आपस में समझौता करने के आग्रह के साथ मामले को खारिज कर देती है। यह प्रवृत्ति पुलिस बलों के पितृ-सत्तात्मक मानदंडों को दर्शाती है, जहां 12 फीसदी से भी कम महिलाएं हैं। अत्यधिक बोझ ढो रहे स्थानीय थानों में क्षमता और संसाधन की कमी है।



मामलों के दर्ज होने से लेकर न्याय तक एक लंबी व अनिश्चित शृंखला है, जिसके बिना कानूनी कार्रवाई संभव नहीं है। मामलों का पंजीकरण जब बढ़ता है, तब इसे पुलिस की निष्क्रियता के रूप में देखने वाले राजनेता व पत्रकार भी कम नहीं हैं। अक्सर मामलों के ज्यादा दर्ज होने को संवेदनशील पुलिसिंग या अपने अधिकारों को लेकर स्त्रियों में बढ़ती जागरूकता के तौर पर नहीं देखा जाता। हालांकि, पिछले तीन वर्षों में मध्य प्रदेश में एक सुधार, कुछ उम्मीद जगा रहा है। राज्य पुलिस से समर्थित 'अर्जेंट रिलीफ ऐंड जस्ट एक्शन' (यूआरजेए) पहल ने स्थानीय थानों में महिला सहायता डेस्क की स्थापना की है। ये डेस्क महिलाओं को समर्पित हैं। हमने यूआरजेए पहल का अध्ययन किया है। इसमें 12 जिलों के 2.30 करोड़ लोगों की सेवा करने वाले 180 पुलिस स्टेशनों में यूआरजेए का मूल्यांकन किया गया। इनके लिए तीन समूह बनाए गए : पहला, स्थापित महिला सहायता डेस्क के साथ; दूसरा, स्थापित महिला सहायता डेस्क और इसके संचालन के लिए एक महिला अधिकारी के साथ; और तीसरा बिना किसी हस्तक्षेप के। हमने इन सभी थानों या स्टेशनों पर दर्ज किए गए मामलों की संख्या और उनके प्रकार पर प्रशासनिक डाटा एकत्र किया और अधिकारियों, पुलिस थानों में आने वाले लोगों व थाना क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के साक्षात्कार से सर्वेक्षण डाटा एकत्र किया।

हाल ही में साइंस में प्रकाशित इसके परिणाम काफी उत्साहजनक हैं। सहायता डेस्क वाले सभी स्टेशनों पर, घरेलू घटना रिपोर्ट (डीआईआर) के माध्यम से दर्ज घरेलू हिंसा के सिविल मामले शून्य से बढ़कर औसतन 1.5 मासिक हो गए हैं। स्त्रियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 3,360 अधिक प्रथम सूचना रिपोर्टें (एफआईआर) दर्ज हुईं। महिला सहायता डेस्क से मामलों के दर्ज होने में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मामलों का पंजीकरण इसलिए बढ़ा है, क्योंकि पुलिस के रवैये में बदलाव आया है। विशेष रूप से महिला अधिकारियों के व्यवहार में काफी बदलाव आया है। महिला अधिकारियों ने कई बाधाओं को दूर करने के लिए बड़ी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। जहां महिलाओं द्वारा महिला सहायता डेस्क चलाए जा रहे थे, वहां पर प्राथमिकी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। महिलाओं और समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ किया जाना चाहिए। अदालती व्यवस्था धीमी है और सजा की दर भी कम है। इसके अलावा, सिविल मामलों को आगे बढ़ाने का विकल्प चुनने वाली महिलाओं को आर्थिक-सामाजिक सहयोग की आवश्यकता पड़ सकती है। भारत में पुलिस में अधिक महिलाओं की भर्ती होनी चाहिए। कई राज्यों में महिलाओं की 30 प्रतिशत भर्ती की जरूरत है। यूआरजेए के अनुभव यही बताते हैं कि महिला अधिकारियों को अग्रिम पंक्ति में होना चाहिए। उन्हें कार्यालय के कामों में छिपना नहीं चाहिए, उन्हें जरूरी समर्थन और मूल्य देने का समय आ गया है।

**( साथ में अक्षय मंगला और गैब्रिएल क्रुक्स )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



देकर भगवन सब कुछ
कैसे अंजान बनते हो?
कितने उपकार करते
हो रात-दिन, लुटाते
हो नवनिधियां हम सब
पर, फिर भी अंजान
बनते हो।

-अंजली जैन
7024460938

# पैसे की भूख का शिकार हुए क्षत्रप

हरिशंकर व्यास

राजनीति में पैसा सबसे अहम है लेकिन सवाल है कि क्या सिर्फ पैसे के दम पर भाजपा और नरेंद्र मोदी चुनाव जीत रहे हैं? ऐसा नहीं कहा जा सकता है। भाजपा ने चुनाव को पैसे का खेल बनाया है लेकिन साथ साथ यह भी बंदोबस्त किया है कि किसी न किसी तरीके से विपक्षी पार्टियों खास कर प्रादेशिक क्षत्रपों के पैसे का सोर्स बंद हो। याद करें नवंबर 2016 में जब प्रधानमंत्री ने चार घंटे की नोटिस पर पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया था तो उसका क्या राजनीतिक नैरेटिव बना था! सोशल मीडिया में भाजपा समर्थकों का प्रचार था कि नोटबंदी इसलिए मास्टर स्ट्रोक है क्योंकि उत्तर प्रदेश में दोनों प्रादेशिक क्षत्रपों की काला धन खत्म हो जाएगा। गौरतलब है कि नवंबर में नोटबंदी हुई थी और फरवरी-मार्च में उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले थे।

सो, ऐन चुनाव से पहले नकदी का ऐसा संकट खड़ा हुआ कि सभी पार्टियों के हाथ बंध गए। उस समय प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बसपा को अपने सैकड़ों करोड़ रुपए घोषित करके बैंक में जमा कराना पड़ा। वह नरेंद्र मोदी की सत्ता का दूसरा साल था। तब उन्होंने नोटबंदी को हथियार बनाया। उसके बाद शुरू हुआ सीबीआई, आयकर और ईडी का तांडव। उनके शासन के अगले छह साल में देश की शायद कोई पार्टी नहीं बची, जिसके प्रमुख नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों का शिकंजा नहीं कस गया। ऐसा लग रहा है, जैसे प्रधानमंत्री मोदी को पहले से सब पता था और उन्होंने सभी पार्टियों की पोल खोल दी। सारे नेता रिश्वत लेने और बेहिसाब संपत्ति जमा करने के मामले में फंसे। इससे दो फायदे हुए। पहला तो यह कि उन विरोधी पार्टियों का पैसा एजेंसियों ने जब्त किया और पैसे का सोर्स बंद हुआ और दूसरा यह कि विरोधी नेताओं की साख खराब हुई।

हैरानी की बात है कि किसी ने नरेंद्र मोदी से यह नहीं सीखा कि चाहे जो करो परंतु प्रचार करो की मैं तो फकीर हूं, मुझे पैसे की क्या जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी के बारे आम लोगों के बीच यह धारणा बनी है कि वे अपना हर काम अपने वेतन के पैसे से करते हैं। वे किसी का एक रुपया नहीं लेते। अपने लिए कोई संपत्ति नहीं बनाई। अपने भाई-भतीजों को आगे बढ़ाना तो छोड़िए अपनी बूढ़ी मां तक को अपने साथ नहीं रखते। इसके बरक्स विपक्षी पार्टियों के बारे में धारणा बनी कि वे वंशवादी हैं, भाई-भतीजों को आगे बढ़ाते हैं, सरकारी संपत्ति को अपनी संपत्ति मानते हैं, अपने लिए पैसे इकट्ठा करते हैं, घर बनवाते हैं और जमीनें लेते हैं। लालू प्रसाद के परिवार से लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती और मुलायम परिवार से लेकर ममता बनर्जी के परिवार तक लगभग सारे क्षत्रप इस किस्म के आरोपों में घिरे हैं। महाराष्ट्र में पवार परिवार हो या तेलंगाना में केसीआर, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन और तमिलनाडु में करुणानिधि परिवार के ऊपर भी इस किस्म के आरोप लगे हैं और केंद्रीय एजेंसियों की जांच की तलवार लटक रही है।

नरेंद्र मोदी ने यह धारणा बनवाई है कि वे जो कुछ भी कर रहे हैं पहले देश के लिए और फिर पार्टी के लिए कर रहे हैं। अपने लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। सोचें, प्रधानमंत्री को अपने लिए कुछ करने की क्या जरूरत है? उन्हें पद की वजह से दुनिया की सारी सुख-सुविधाएं ऐसे ही मिली हुई, जिनका वे भरपूर लाभ उठाते हैं, फिर अपने लिए पैसा इकट्ठा करने की क्या जरूरत है? उन्हें सिर्फ यह बंदोबस्त करना है कि चुनाव में चाहे जितना खर्च हो पर पार्टी जीते ताकि वे पद पर रहें। सो, अगर प्रादेशिक क्षत्रप निजी संपत्ति बनाने और बेहिसाब धन इकट्ठा करने की बजाय पार्टी को मजबूत करते और पार्टी के लिए संसाधन जुटाते तो उनकी छवि भी बची रहती और पद भी बचा रहता।

इस लिहाज से आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी और जदयू के नेता नीतीश कुमार अपेक्षाकृत साफ-सुथरे दिख रहे थे। परंतु ममता बनर्जी की पार्टी के नेता और मंत्री रहे पार्थ चटर्जी का पकड़ा जाना और उनकी करीबी के यहां से 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी की बरामदगी ने उनकी साख को निर्णायक रूप से कमजोर किया है। सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी और मनीष सिसोदिया पर सीबीआई जांच की तलवार के बावजूद केजरीवाल को लेकर यह धारणा है कि वे ईमानदार हैं और अपने लिए कुछ इकट्ठा नहीं कर रहे हैं। वे और उनकी पत्नी दोनों आईआरएस अधिकारी थे और उनके दोनों बच्चे आईआईटी में पढ़ाई कर रहे हैं। इसी तरह नीतीश कुमार के बारे में भी धारणा है कि वे अपने लिए कुछ भी इकट्ठा नहीं कर रहे हैं। ऐसे नेता ही प्रधानमंत्री के लिए चुनौती के तौर पर देखे जा रहे हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि इनकी साख खराब करने वाली क्या चीज सामने आती है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444

स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



राज्य में 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के हैं 7711 वेटलैण्ड

## छत्तीसगढ़ में वेटलैण्डों (आर्द्रभूमि) के विकास के लिए विशेष पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कुल 35 हजार 534 वेटलैण्ड हैं, जिसमें से 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफ्ल के 7 हजार 711 वेटलैण्ड हैं तथा 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफ्ल के 27 हजार 823 वेटलैण्ड हैं। इन समस्त वेटलैण्डों का क्षेत्रफ्ल 3 लाख 37 हजार 966 हेक्टेयर है, जो राज्य के जियोग्राफ्कि एरिया का 2.5 प्रतिशत होता है। गौरतलब है कि वेटलैण्ड को पारिस्थितिकीय तथा स्वस्थ्य पर्यावरण के लिए बहुत उपयुक्त माना जाता है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राज्य में वेटलैण्डों के विकास के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही जारी है।





यह जानकारी वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड अथॉरिटी की बैठक में दी गई। बैठक में कार्ययोजना के प्रथम चरण अंतर्गत राज्य में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध वेटलैण्डों के समन्वित रूप से विकास के लिए विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री चन्द्रदेव राय, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुवा, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एवं वनबल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री पी.वी. नरसिंग राव, सचिव वन श्री प्रेम कुमार, राज्य योजना आयोग के सदस्य श्री के. सुब्रमणियम, राज्य वेटलैण्ड अथॉरिटी के सदस्य सचिव श्री अरूण पांडेय सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा करते हुए राज्य में वेटलैण्डों के विकास के लिए कार्ययोजना के प्रथम चरण अंतर्गत प्राकृतिक रूप से उपलब्ध वेटलैण्डों को शामिल करने का अहम निर्णय लिया गया। इस दौरान राज्य में प्राकृतिक वेटलैण्डों की सूची तैयार करने के साथ-साथ उनका इन्वेंट्री आदि तैयार करने के संबंध में भी चर्चा हुई। इसके अलावा नव गठित छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड अथॉरिटी के कार्य तथा राज्य के प्रमुख वेटलैण्ड्स के सरंक्षण एवं प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने हेतु विशेषज्ञ संस्थाओं के चयन आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में छत्तीगढ़ राज्य वेटलैण्ड अथॉरिटी हेतु वेटलैण्ड के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी कार्यों के लिए नवीन बजट मद सृजित करने और अथॉरिटी में सी.जी. कास्ट के वैज्ञानिकों को को-ऑप्ट करने दो सदस्यों में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख छत्तीसगढ़ तथा वैज्ञानिक 'ई 1' डॉ. पी. कविश्वर के चयन का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा राज्य की आर्द्र भूमि (वेटलैण्ड) के संरक्षण के लिए क्षेत्रीय कार्यों के संपादन हेतु जिला स्तरीय समितियों के गठन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में विशेष सचिव जे.पी. पाठक, संचालक श्री एन.एस. नाग, संचालक श्रीमती चंदन त्रिपाठी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## धनवंतरी मेडिकल स्टोर बना सस्ती एवं प्रमाणिक दवाई मिलने का सुलभ स्थान

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को कम दाम पर आसानी से कारगर दवाई उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई धनवंतरी मेडिकल स्टोर आम लोगों के लिए सस्ती एवं प्रमाणिक दवाई मिलने का सुलभ स्थान बन गया है। इस योजना के फ्लस्वरूप प्रदेशवासियों को पैसे के अभाव में दवाई खरीदी नहीं कर सकने तथा बिमारियों के ईलाज हेतु आवश्यक दवाईयों की खरीदी के लिए निजी मेडिकल स्टोर पर आश्रित रहने की समस्या से मुक्ति मिली है।

### प्यारेलाल और टेसूराम जैसे अनेक लोगों को बहुत ही कम दर पर मिल रही सस्ती एवं प्रमाणिक दवा




यह योजना आज के समय में निजी मेडिकल स्टोर्स में मिलने वाली महंगी दवाईयों के स्थान पर बहुत ही कम दर पर सस्ती और कारगर दवाईयॉ उपलब्ध कराने के फ्लस्वरूप समाज के निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

राज्य सरकार के द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का ही परिणाम है कभी अपनी खराब आर्थिक स्थिति एवं पैसे के अभाव के कारण समय पर दवाई खरीदी नहीं कर सकने वाले जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोबा निवासी प्यारेलाल और टेसूराम जैसे अनेक लोगों को बहुत ही कम दर पर सस्ती एवं प्रमाणिक दवा मिल रही है। प्यारेलाल ने बताया की जिला चिकित्सालय बालोद के परिसर में संचालित धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में 201 रुपया की दवा एमोक्सीसिलिन मात्र 52 रुपया में मिलने से 149 रुपया की भारी छूट की प्राप्ति हुई है। इसी प्रकार टेसूराम ने बताया कि उसने 115 रुपया की सूमो जेल दवा मात्र 29 रुपए में खरीदा है। धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में बहुत ही कम दाम पर जरूरी दवाई मिलने से प्रसन्नचित दिख रहे प्यारेलाल और टेसूराम ने अपने जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए राज्य सरकार की इस योजना को जनहितैषी योजना बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा परिवार की मुखिया एवं सच्चे अभिभावक की भांति राज्य की जनता की वास्तविक आवश्यकताओं को समझते हुए धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स स्थापना कर सभी के स्वास्थ्य की रक्षा करने का बीड़ा उठाया है।

## खास खबर

### झूम तराना महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर झूम तराना महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के तत्वाधान में 3 से 6 अगस्त 2022 तक राजधानी रायपुर के दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परम्पराओं को समाहित किया गया है। सभी प्रतियोगिता 4 वर्गों में आयोजित होगी जिनमें कुल 6 लाख से अधिक की ईनामी राशि से प्रतिभागी पुरस्कृत किए जायेंगे। कार्यक्रम संयोजक कृष्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश मिश्रा एवं कार्यक्रम प्रभारी छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि समारोह में नृत्य प्रतियोगिता जिसके अंतर्गत कत्थक, भारत नाट्यम, उड़िसी, फॅाक, सेमी क्लासिकल, गिटार, बांसुरी, पियानो, म्यूजिक बैंड इत्यादि, ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ मेट्रो शहरों मे आयोजित होने वाली फैशन शो एवं मॉडलिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

### बंद पड़ी 7 सिटी बस पुनः संचालित होगी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिटी बसें संचालित की जा रही थी, जिसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया था। नगरीय प्रशासन विभाग एक बार फिर से सिटी बसों के संचालन की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत बस्तर जिले में जल्द ही 10 बसों का संचालन 15 अगस्त से पहले शुरू कर दिया जाएगा। ये बसें दरभा से लेकर बस्तर और ओडिशा की सीमा पर स्थित धनपूंजी तक चलेंगी। बसों का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए पुरानी बसों का मेंटेनेंस करा लिया गया है। कोरोना संक्रमण काल के दौरान बंद सिटी बस सेवा को शुरू करने के लिए निगम ने जिन बसों का मेंटनेंस करवाया है।

## कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में बीजापुर जिला अस्पताल को मिला प्रथम पुरस्कार

### कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2021-22 की हुई घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को राज्य सरकार लगातार बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कायाकल्प योजना का क्रियान्वयन कर रही है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरकारी अस्पतालों को पुरस्कृत किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को राज्य स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की गई। जिसमें बीजापुर जिला अस्पताल ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है वहीँ कवर्धा जिला अस्पताल ने दूसरा स्थान हासिल किया है।




कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2021-22 के अंतर्गत 14 जिला अस्पतालों, 32 सिविल अस्पतालों / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 178 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 30 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 224 उप स्वास्थ्य केंद्रों (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर) को शामिल किया गया था। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल किये गए हैं उन्हें कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना के तहत विजेता, उपविजेता एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के मिशन संचालक की ओर से पत्र जारी कर राज्य में कायाकल्प पुरस्कारों की घोषणा की गयी है। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में सफाई प्रबंधन, रोग संक्रमण नियंत्रण, भवन एवं परिसर ,सौंदर्यकरण, रुग्ण सेवा में सुधार, के लिए समयबद्ध कार्यक्रम घोषित किया गया है।

जिला अस्पताल की श्रेणी में बीजापुर जिला अस्पताल 87.53 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए प्रथम स्थान पर और जिला अस्पताल कवर्धा ने 85.71 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर रहा है। जिला अस्पताल की श्रेणी में कुल 14 पुरस्कारों की घोषणा की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 लाख एवं द्वितीय पुरस्कार में 20 लाख रुपए की धनराशि और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। तीन जिला अस्पतालों बलौदाबाजार,मुंगेली एवं जशपुर को लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए 5 -5 लाख रुपये पुरस्कार के रूप में दिया गया है। अन्य 9 जिला अस्पतालों को प्रशस्ति पुरस्कार के रूप में 3-3 लाख रुपये दिया गया है। जिसमें जिला अस्पताल जगदलपुर, जांजगीर, बलरामपुर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरिया, सूरजपुर, बेमेतरा, शामिल हैं।

सिविल अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन जिला दुर्ग 88.9 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रहा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा जिला बिलासपुर को 87.9 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इस श्रेणी में कुल 32 केंद्रों को पुरस्कृत किया गया है। इसके अलावा इको फ्रेंडली सुविधाओं के तहत जिला अस्पताल रायपुर और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरगांव रायपुर को पुरस्कृत किया गया । जिला अस्पताल रायपुर इस श्रेणी में 10 लाख और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरगांव रायपुर को 5 लाख रुपये मिलेंगे । शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तहत यूपीएचसी राजा तलब जिला रायपुर ने 98.85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं यूपीएससी ढोंढ़ीपारा जिला कोरबा ने 98.08 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस श्रेणी में कुल 30 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पुरस्कृत किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की इस योजना में शामिल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में प्रदेश के कुल 178 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पुरस्कृत किया गया । जिसमें 26 विजेताओं को 2 लाख और अन्य 152 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 हजार रुपये दिया जाएगा। सब हेल्थ सेंटर-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर श्रेणी में जिन्होंने पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किए हैं।

उनको प्रथम स्थान पाने वाले केंद्र को 1 लाख, दूसरा स्थान को 50,000 एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 35,000 मिलेगा अन्य को 25,000 पुरस्कार दिया गया है।

## मुख्यमंत्री से मिसेस इंडिया 2022 की फर्स्ट-रनर-अप श्रीमती अर्चना वर्मा ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शाम यहां उनके निवास कार्यालय में मिसेस इंडिया 2022 की फर्स्ट-रनर-अप अर्चना वर्मा ने सौजन्य मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि दिल्ली में 06 से 10 जुलाई के बीच आयोजित मिसेस इंडिया 2022 प्रतियोगिता में वह फर्स्ट रनर अप रहीं है। उन्होंने बताया कि वे पेशे से आईटी कंसल्टेंट हैं। कला के क्षेत्र में बचपन से ही रूचि होने के कारण वह अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल रही हैं। श्रीमती अर्चना ने बताया कि मिसेस इंडिया प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल राउंड के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं पारंपरिक वेष-भूषा को प्रदर्शित किया। जिसे आयोजकों सहित सभी ने सराहा। मुख्यमंत्री ने श्रीमती अर्चना वर्मा को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री टी.आर. वर्मा और श्री भीष्म कश्यप उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक घरों में पहुंचाया जाएगा तिरंगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक घरों में तिरंगा पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।



इस अभियान को सफ्ल बनाने हेतु बिहान अंतर्गत गठित स्वसहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से तथा लाईवलीहुड कॉलेज में तिरंगा तैयार किया जा रहा है। जिससे जिले के प्रत्येक घरों में तिरंगे की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगे तैयार कर इसकी बिक्री भी प्रारंभ कर दी है। इसके अंतर्गत आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा के तुलसी स्वसहायता समूह, उपकार सोप्ट स्वसहायता समूह, कपिलेश्वर स्वसहायता समूह और सहेली स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर बालोद में स्टॉल लगाकर तिरंगे की बिक्री की जा रही है। समूह की महिलाओं ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग उनके स्टॉल में पहुँचकर तिरंगे की खरीदी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तिरंगे की दर प्रति नग 50 रूपए निर्धारित की गई है। जिले के प्रत्येक घरों में तिरंगे की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु बिहान के अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूह के अलावा लाईवलीहुड कॉलेज में भी तिरंगा तैयार किया जा रहा है। सहायक संचालक कौशल विकास ने बताया कि लाईवलीहुड कॉलेज में भी तिरंगा तैयार करने का कार्य निरंतर जारी है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रत्येक घरों में तिरंगा फ्हराकर स्वतंत्रता के महापर्व में देश के सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार बालोद जिले में इस अभियान को सफ्ल बनाने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की जा रही है।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा हमारे पुरखों की देन, इसे जीवंत बनाए रखना हम सब की नैतिक जबावदारीः भूपेश बघेल

### मोहरेंगा-कठिया और कोदवा-मढ़ी सड़क निर्माण की हुई घोषणा

### खरोरा में मुख्यमंत्री बघेल ने कॉलेज भवन का किया लोकार्पण

### दानवीर दाऊ स्व. रामप्रसाद देवांगन की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर जिले के खरोरा में निर्मित कॉलेज भवन का लोकार्पण और दानवीर स्व. दाऊ रामप्रसाद देवांगन की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दानवीर देवांगन ने बच्चों के भविष्य उज्जवल करने के लिए अपने जीवनकाल में ही स्कूल के लिए 4 एकड़ जमीन दान की थी। शिक्षा के माध्यम से ना केवल व्यक्ति का विकास होता है। अपितु परिवार और समाज सुदृढ़ और विकसित भी होता है। उन्होंने शिक्षा के अलख जगाने में स्व. दाऊ रामप्रसाद देवांगन की महती सोच और भूमिका की तारीफ की। खरोरा में नया कॉलेज भवन बन जाने से बच्चों को अब उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं होगी।

इस अवसर पर कृषि एवं पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे, श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया, धरसीवां विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधीगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सरकार किसान, मजदुर, महिलाओं सभी के लिए योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। आज किसानों के ऋण माफी के साथ-साथ बिजली बिल हाफ योजना, किसानों को तीन और पांच हॉर्सपावर मोटर पर बिजली बिल छूट, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत प्रति एकड़ 9 हजार रूपये, गरीब भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 7 हजार रूपये की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ-साथ बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल खोले जा रहे है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को अब अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ एक मात्र राज्य है, जहां गोबर के साथ-साथ गौ-मुत्र की भी खरीदी की जा रही है। इससे पशुपालकों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि एक ओर हमने जहां राज्य की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रहे है, वहीं दुसरी और छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति और खानपान को जीवंत बनाने के लिए कदम उठा रहे है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं की एक अलग पहचान है। यह पहचान हमारे पुरखों की देन है। इसे बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

### दो सड़के बनाने और स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा, दो विद्यालयों का नामकरण भी हुआ

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आमजनों की सुविधाओं तथा मांगो के अनुरूप मोहरेंगा-कठिया तथा कोदवा-मढ़ी सड़क मार्ग निर्माण करने की घोषणा की। इसके साथ-साथ उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी का नाम शहीद युगल किशोर वर्मा तथा शासकीय हाई स्कूल मोहरेगा का नाम मण्डल दास गिलहरे के नाम से करने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने विधायक की मांग पर खरोरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय के भवन निर्माण तथा आगामी शिक्षा सत्र से प्रारंभ करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया सहित विधायक अनिता शर्मा और राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल के समक्ष स्व. रामप्रसाद देवांगन के सुपुत्र ईश्वरी देवांगन ने परिजनों की और से स्वयं के व्यय पर कॉलेज परिसर में सुसज्जित ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की।

### खरोरा कॉलेज में लगभग चार सौ विद्यार्थियों को पढ़ने की बेहतर सुविधा मिलेगी

खरोरा में स्व.रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय के नव-निर्मित भवन में आस-पास के लगभग चार सौ विद्यार्थी पढ़ रहें है। पहले खरोरा के विद्यार्थियों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए रायपुर-पलारी-बिलासपुर जाना पड़ता था। घर से दूर रहने-खाने के साथ-साथ अन्य दूसरी असुविधाएं भी विद्यार्थिंयों को होती थी। ऐसे में 2017 में खरोरा में शासकीय कॉलेज शुरू हुआ था। इस महाविद्यालय का नामकरण क्षेत्र के लोकप्रिय दानवीर और बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा अग्रसर रहने वाले दाऊ स्व.रामप्रसाद जी देवांगन के नाम पर किया गया था। इस महाविद्यालय का नया भवन तीन करोड़ 91 लाख रूपये की लागत से तैयार हुआ है । 2100-2100 वर्गमीटर क्षेत्र में भू-तल और प्रथम तल पर तैयार इस भवन में प्राचार्य कक्ष, उप प्राचार्य कक्ष, स्टाफ कक्ष, कार्यालय, सोलह क्लास रूम, पांच प्रयोगशाला कक्ष, लाइब्रेरी कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, परीक्षा नियत्रंक कक्ष, कॉमन रूम सहित आठ स्टोर रूम भी बनाये गये है। इस महाविद्यालय में आर्टस, कामर्स और गणित विषय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं संचालित हो रही है।

## खास खबर

### किसानों को 8 लाख 17 हजार 585 क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित

**रायपुर।** राज्य में चालू खरीफ सीजन में शासन के विभिन्न संस्थान एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से प्रमाणित बीज वितरित किए जाने की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी है। जिसके तहत किसानों को अब तक विभिन्न खरीफ फसलों के 8 लाख 17 हजार 585 क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किया गया है। चालू खरीफसीजन में बीज वितरण की यह मात्रा निर्धारित लक्ष्य 10 लाख 5 हजार क्विंटल की तुलना में 81 प्रतिशत है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी संस्थाओं सहित निजी क्षेत्रों में अब तक कुल 8 लाख 65 हजार 314 क्विंटल प्रमाणित बीज का भण्डारण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 86 प्रतिशत है। भण्डारित प्रमाणित बीजों में 8 लाख 4 हजार 952 क्विंटल धान, 27 हजार 130 क्विंटल मक्का, 4844 क्विंटल अरहर, 15,027 क्विंटल सोयाबीन तथा 13,388 क्विंटल अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। किसानों द्वारा अब तक सहकारी समितियों, शासकीय कृषि प्रक्षेत्र उत्पादन कार्यक्रम सहित निजी क्षेत्रों से 7 लाख 59 हजार 978 क्विंटल धान, 27 हजार 130 क्विंटल मक्का, 4071 क्विंटल अरहर, 14 हजार 902 क्विंटल सोयाबीन तथा 11 हजार 531 क्विंटल अन्य खरीफ फसलों के बीज का उठाव कर लिया गया है।

# राज्यपाल सुश्री उइके छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के महिला महा सम्मेलन में हुई शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज महिला विंग द्वारा आयोजित महासम्मेलन में शामिल हुई। राज्यपाल सह अतिथियों द्वारा समाज के आराध्य श्री सेन महाराज के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सेन समाज की महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी।



राज्यपाल सुश्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेन समाज की बेटियों ने अपने प्रतिभा के दम पर सभी क्षेत्रों में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। किसी समाज के लिए इससे अच्छी बात क्या होगी कि बेटियों की तरक्की के साथ समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज के लोग उल्लेखनीय कार्य करते हैं तो अन्य लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलती है और समाज की आर्थिक व सामाजिक दिशा और दशा में भी सकारात्मक बदलाव आते हैं। सेन समाज इसका बेहतर उदाहरण हैं। राज्यपाल ने कहा कि संगठन में शक्ति निहित होती है और सेन समाज अपनी एकता व संगठन के कारण ही मुख्यधारा में शामिल हो पाया है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि असफलता से जीवन में सीख लेनी चाहिए और अधिक उत्साह से परिश्रम को बढ़ाना चाहिए। सेन समाज के पदाधिकारियों का भी उन्होंने उत्साहवर्धन किया और आगे भी समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सेन समाज के ऐतिहासिक पक्ष का उल्लेख करते हुए समाज में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। विधायक अग्रवाल ने सेन समाज के बारे में बताया कि समाज ने स्वयं को संगठित कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है और प्रदेश भर से आए सेन समाज के लोग और सम्मानित महिलाएं व बच्चियां इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने भी सेन समाज के योगदान के बारे में बताया और सम्मानित हुई महिलाओं को शुभकामनाएं दी। वीणा सिंह ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किये।

सेन समाज के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज महिला विंग सुश्री मोना सेन, छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के प्रांताध्यक्ष विनोद सेन, पुनीत सेन, भुवनलाल कौशिक एवं बड़ी संख्या में प्रदेश भर से पहुंचे सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

# राज्य में 33 लाख 22 हजार हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

**रायपुर।** राज्य में खरीफ फसलों की 33 लाख 22 हजार 30 हेक्टेयर बुआई हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 69 प्रतिशत है। अब तक खरीफ फसलों के तहत सर्वाधिक 22 लाख 01 हजार 770 हेक्टेयर में धान की बोता बोनी हुई है, जबकि 5 लाख 23 हजार 350 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो चुकी है। इसके अलावा मोटे अनाज की 2 लाख 40 हजार 480 हेक्टेयर में, दलहन की 1 लाख 61 हजार 420 हेक्टेयर में, तिलहन की 93 हजार 850 हेक्टेयर में तथा सब्जी एवं अन्य फसलों की 01 लाख 01 हजार 160 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में धान की 27 लाख 25 हजार 120 हेक्टेयर में, मक्का की 01 लाख 77 हजार 350 हेक्टेयर में, कोदो-कुटकी की 50 हजार 50 हेक्टेयर में, रागी की 12 हजार 900 हेक्टेयर में इस प्रकार अनाज की कुल बोनी 29 लाख 65 हजार 600 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 78 प्रतिशत है। राज्य में दलहन फसलों की कुल बोनी 01 लाख 61 हजार 420 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें अरहर 91 हजार 650, मूंग 10 हजार 160 हेक्टेयर में, उड़द 59 हजार 210 हेक्टेयर में तथा कुल्थी की 400 हेक्टेयर में बुआई शामिल हैं। तिलहन फसलों की बोनी 93 हजार 850 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें मूंगफली 45 हजार 240 हेक्टेयर में, तिल 11 हजार 960 हेक्टेयर, सोयाबीन 36 हजार 650 हेक्टेयर में हुई बोनी शामिल हैं। साग-सब्जी और अन्य फसलों की बुआई 01 लाख 01 हजार 160 हेक्टेयर में पूरी कर ली गई है।

राज्य में चालू खरीफ सीजन में 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की प्रचलित किस्मों के स्थान पर सुगंधित धान, जिंक धान, जैविक धान, मक्का, कोदो-कुटकी, दलहन और तिहलन की फसलों के साथ-साथ गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के विशेष कार्यक्रम संचालित है। एक लाख 99 हजार 80 हेक्टेयर में प्रचलित धान के बदले अन्य फसलों के खेती के लिए 3 लाख 79 हजार 146 किसानों ने सहमति दी है। अब तक 73 हजार 919 किसानों द्वारा 44 हजार 327 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की बुआई भी पूरी कर ली गई है।

# छत्तीसगढ़ के छह जिलों में सूखे के हालात



**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के छह जिलों में सुखे के हालात हैं। इनमें कोरिया, जशपुर, बेमेतरा, बलरामपुर-रामानुजगंज, रायपुर और सरगुजा में हालत सबसे अधिक खराब है। यहां किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। अल्प वर्षा के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। तहसीलों के हिसाब से देखें तों आठ तहसीलो में अभी तक महज 40 प्रतिशत औसत वर्षा हुई है। सरगुजा में लुंड्रा, दरिमा और बतौली, सूरजपुर में प्रतापपुर और बिहारपुर, बलरामपुर में शंकरगढ़, रामानुजगंज और राजपुर तहसील में अब तक 40 प्रतिशत औसत वर्षा हुई है। एक तरफ देश के कई इलाकों में नदी नाले उफान पर हैं तो वहीं सरगुजा व बलरामपुर इलाके में नदियां सूखने की कगार पर हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को फसलों के नजरी आकलन करने को निर्देश जारी किया है।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश के बलरामपुर, जशपुर और सरगुजा में सबसे बुरी स्थिति है। यहां खेतों में दरारें पड़ गई हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कम वर्षा वाली तहसीलों की फसलों का नजरी आकलन करने का निर्देश दिया है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 564.2 मिमी (मिली मीटर) औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर में सर्वाधिक 1431.5 मिमी और बलरामपुर में सबसे कम 211.0 मिमी औसत वर्षा हुई है।

# छत्तीसगढ़ सरकार का अहम फैसलाः रोलिंग मिलों को ऊर्जा प्रभार में 24 प्रतिशत की छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जनहित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य की स्टेंड एलोन रोलिंग मिलों को ऊर्जा प्रभार में 9 माह तक के लिए 24 प्रतिशत की विशेष छूट दिए जाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत रोलिंग मिलों को 01 जुलाई 2022 से 31 मार्च 2023 तक की कालावधि में खपत की गई बिजली की मात्रा पर देय ऊर्जा प्रभार में 24 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। इससे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड कंपनी को होने वाले हानि की प्रतिपूर्ति हेतु देय सब्सिडी राशि का राज्य शासन द्वारा अग्रिम भुगतान किया जाएगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा एक अप्रैल 2022 से लागू नई विद्युत की दरों से उत्पन्न परिस्थिति में राज्य में एचव्ही-4 टैरिफ संवर्ग में सम्मिलित स्टेंड एलोन रोलिंग मिलें, जो सीएसपीडीसीएल से बिजली प्राप्त कर रही हैं, को परिस्पर्धा में बनाए रखते हुए जनहित में राज्य शासन द्वारा रियायती पैकेज के तहत यह विशेष छूट प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 175 रोलिंग मिलें हैं। रायपुर में 125 मिलें संचालित हैं। कोयला के दामों में लगातार वृद्धि और महंगी बिजली के चलते रोलिंग मिलों का संचालन प्रभावित हुआ है। रोलिंग मिलों के संचालन को बनाए रखने के लिए ऊर्जा प्रभार में छूट देकर विशेष राहत दी गई है, ताकि रोलिंग मिलों में काम करने वाले श्रमिकों को रोजगार मिलता रहे।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# दवा के साथ न करें इन चीजों का सेवन, सेहत पर पड़ सकता है दुष्प्रभाव

स्वस्थ रहने के लिए अच्छी लाइफस्टाइल होना जरूरी होता है। योग और व्यायाम के साथ ही पौष्टिक आहार का सेवन भी व्यक्ति की सेहत पर प्रभाव डालता है। हालांकि मौसमी बीमारी, संक्रमण, खानपान व बिगड़ी जीवन शैली के कारण कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। बीमार होने पर लोग चिकित्सक के पास जाते हैं और उनकी सलाह पर दवाइयों का सेवन करते हैं। हालांकि अगर आपको लगता है कि दवा खाने मात्र से आप स्वस्थ हो सकते हैं, तो आप गलत हैं। कई बार दवा का साइड इफेक्ट हो जाता है। दवाएं भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। लोगों को दवा खाने के सही तरीके के बारे में पता नहीं होता, ऐसे में दवा रोग पर असर नहीं करती, साथ ही दुष्प्रभाव अलग करती है। ऐसे में दवा का सेवन करते समय कुछ सावधानियां भी रखें।

### एनर्जी ड्रिंक्स

जब आप किसी रोग पर दवा का सेवन करते हैं, तो उसके साथ एनर्जी ड्रिंक नहीं पीनी चाहिए। एनर्जी ड्रिंक्स के साथ दवा लेने से शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। दवा के डिजॉल्व होने का समय भी ज्यादा लगता है।

### शराब

शरीर के लिए धूम्रपान नुकसानदायक है। दवा के साथ शराब या किसी भी तरह के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे सेहत पर तो बुरा असर पड़ता ही है, साथ ही एक साथ दोनों के सेवन से लीवर को भी काफी नुकसान हो सकता है। शराब के साथ दवा लेने से लीवर संबंधी कई विकार का जोखिम बढ़ जाता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स

अक्सर लोग दूध के साथ दवा का सेवन करते हैं। दूध भले ही सेहत के लिए



फायदेमंद है लेकिन कुछ एंटीबायोटिक दवा के असर को कम भी कर सकता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, मिनरल्स और प्रोटीन पाए जाते हैं, जो दवाइयों के साथ मिलने पर दवा के असर को कम कर देते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक, एंटीबायोटिक के साथ दूध या डेयरी प्रोडक्ट का सेवन नहीं करना चाहिए।

### मुलेठी

आयुर्वेद में मुलेठी को सेहत के लिए लाभकारी बताया गया है। मुलेठी पाचन तंत्र को मजबूत करती है और पेट संबंधी कई समस्याओं से राहत दिलाती है। लेकिन मुलेठी में ग्लाइसीरिजिजिन पाया जाता है, जो कई दवाओ के असर को कम कर सकता है।

# शादी के 3 महीने बाद आलिया भट्ट ने की शिकायत बोलीं- रणबीर कपूर मेरे पैरों का मसाज नहीं करते हैं


बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही मां बनने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब आलिया से पूछा गया कि उनके पति रणबीर कपूर प्रेग्नेंसी के दौरान उनकी देखभाल कैसे कर रहे हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वो मुझे स्पेशल फील कराने के लिए कई चीजें करते हैं, लेकिन वो मेरे पैरों का मसाज नहीं करते हैं।

### रणबीर रख रहे हैं आलिया का पहले से ज्यादा ध्यान

आलिया कहती हैं, 'वो हमेशा मेरा अच्छी तरह ध्यान रखते हैं, लेकिन इन दिनों वो मेरा और अच्छी तरह से ध्यान रख रहे हैं। अगर आप पूछना चाहते हैं कि क्या वो मेरे पैरों की मालिश करते हैं? तो वो ऐसा बिलकुल नहीं करते हैं। पर वो मुझे स्पेशल फील कराने के लिए बहुत कुछ करते रहते हैं।'

### लंदन से हाल ही में लौटी हैं आलिया

आलिया से पूछा गया कि क्या इस दौरान उनकी मां सोनी राजदान और सासु मां नीतू



कपूर भी उनका खास तरीके से ध्यान रखती हैं? इस पर उन्होंने कहा, 'हाल ही में मैं लंदन से फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग करके लौटी हूं। तो इतना समय ही नहीं मिल पाया कि वो लोग मेरा ध्यान रख सकें।

### शादी से पहले आलिया-रणबीर ने 5 साल तक किया है एक दूसरे को डेट

रणबीर और आलिया ने इसी साल 14 अप्रैल को परिवार और कुछ खास दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। शादी के पहले दोनों 5 साल तक रिलेशनशिप में थे। उनकी पहली मुलाकात 2017 में फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट पर हुई थी। कुछ दिन पहले ही आलिया ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल की फोटो शेयर कर बताया था कि वो दोनों जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं।

### आलिया कर रही हैं 'डार्लिंग्स' को प्रोड्यूस

आलिया के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वो 'डार्लिंग्स' (जिसे वो प्रोड्यूस भी कर रही हैं) के अलावा अयान मुखर्जी की मच अवेटेड फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगी। इस फिल्म में आलिया और रणबीर एक साथ पहली बार दिखेंगे। वहीं आलिया हाल ही में अपने फर्स्ट हॉलीवुड प्रोजेक्ट 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग कर वापस भारत लौटी हैं। इसके अलावा वो करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी।

# सलमान और शाहरुख के साथ फिल्में करने पर बोलीं जान्हवी: उनके अपोजिट काम करना थोड़ा अजीब लगेगा

जान्हवी कपूर ने हाल ही में शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ काम करने को लेकर रिएक्ट किया है। दरअसल, एक इंटरव्यू में जान्हवी से सवाल किया गया कि क्या वो इन तीनों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना पसंद करेंगी। इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि उनके लिए यह थोड़ा अजीब होगा।

### इतने बड़े स्टार्स के साथ काम करना अजीब होगा- जान्हवी

जान्हवी ने दिए इंटरव्यू में सलमान, शाहरुख और आमिर खान के साथ काम करने को लेकर कहा, वो लोग इतने बड़े स्टार्स हैं और सब उनके साथ काम करना चाहते हैं। मैं उनके अपोजिट काम करूंगी तो थोड़ा अजीब होगा। लेकिन मुझे उनके साथ काम करना अच्छा लगेगा।

### आलिया भट्ट से इंस्पायर हैं जान्हवी

जान्हवी को एक मेल सुपरस्टार का नाम पूछा गया, जिसके साथ वह ऑनस्क्रीन अच्छी दिखेगीं। एक्ट्रेस ने जवाब में रणबीर कपूर और वरुण धवन का नाम बताया। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि वो आलिया से काफी इंस्पायर हैं।



### जान्हवी की हालिया रिलीज 'गुड लक जेरी'

जान्हवी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'गुड लक जेरी' की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। यह फिल्म 2018 में आई तमिल फिल्म 'कोलामावु कोकिला' का हिंदी रीमेक है। जान्हवी के अलावा इस फिल्म में दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह लीड रोल में हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ सेन ने डायरेक्ट किया है।

### जान्हवी कपूर के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

जान्हवी कपूर, राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आएंगी। इसके अलावा जान्हवी के पास सन्नी कौशल के साथ मलयालम फिल्म का हिंदी रीमेक 'मिली' भी है। इस फिल्म में एक्ट्रेस पहली बार अपने पिता बोनी कपूर के साथ काम करेंगी, क्योंकि मिली को बोनी प्रोड्यूस कर रहे हैं। जान्हवी, वरुण धवन के साथ 'बवाल' में भी दिखेंगी। यह फिल्म 7 अप्रैल 2023 को रिलीज होगी।

अल्लू अर्जुन ने शुरू की 'पुष्पा 2' की तैयारी

# अपने लुक के साथ किया एक्सपेरिमेंट, दूसरे पार्ट में स्टाइलिश लुक में नजर आएंगे

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म 'पुष्पा: द राइज' की सफलता से बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। 'पुष्पा' के पहले पार्ट के बाद अब वो फिल्म का दूसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। इसके लिए अल्लू ने फिल्म की तैयारी भी शुरू कर दी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक 'पुष्पा 2' के लिए अल्लू ने दो लुक्स को ट्राय किया है। अब बस उन्हें फिल्म के लिए दोनों में से किसी एक लुक को फाइनल करना बाकी है।



### अल्लू ने फिल्म के लिए 2 लुक्स ट्राय किए हैं

अल्लू के एक करीबी सूत्र ने फिल्म से जुड़ी कुछ जानकारी शेयर की हैं। सूत्र ने बताया, 'पुष्पा 2 में अपने कैरेक्टर के लिए अल्लू ने दो लुक्स ट्राय किए हैं। पहले लुक में उन्होंने अपनी बॉडी पर स्पोर्टिंग टैटू को ट्राय किया, वहीं दूसरे लुक में एक्टर को ईयर पियर्सिंग फ्लॉन्ट करते देखा गया। एक्टर अपने दोनों लुक पर ऑडियंस का रिएक्शन देखने के लिए फोटोज भी शेयर करेंगे।'

### पुष्पा 2 में अपने लुक्स को सिंपल रखना चाहते हैं अल्लू

सूत्र ने आगे बताया, 'अल्लू अर्जुन अपने लुक को 'पुष्पा: द राइज' में बिलकुल सिंपल रखना चाहते हैं। हालांकि इस बार फिल्म के लिए अल्लू अपने लुक में थोड़े बदलाव करेंगे। इसलिए फिल्म के दूसरे पार्ट में उनका लुक काफी स्टाइलिश नजर आने वाला है। लेकिन अभी कहा जा रहा है कि एक्टर ने फिल्म में अपने लुक्स को फाइनल नहीं किया है।'


### 2023 में रिलीज होगी 'पुष्पा: 2'

सुकुमार के डायरेक्शन में बनी 'पुष्पा' को तीन पार्ट्स में बनाया जाना है। फिल्म का पहला पार्ट पिछले साल 17 दिसंबर को रिलीज हो चुका है, जिसका नाम 'पुष्पा: द राइज' है। फिल्म में अल्लू अर्जुन 'पुष्पराज' और रश्मिका मंदाना 'श्रीवल्ली' के किरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म में इन दोनों के अलावा फहाद फाजिल, सुनील, सामंथा रुथ प्रभु, प्रकाश राज, अजय घोष समेत कई स्टार्स भी लीड रोल में नजर आए थे। इस फिल्म को फैंस ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म का अगला पार्ट अगले साल रिलीज किया जाएगा।

फिल्म के पहले पार्ट को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया गया था। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने लगभग 110 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। अब फैंस को फिल्म के दूसरे पार्ट 'पुष्पा: द रूल' का बेसब्री से इंतजार है।

# हाईएस्ट टैक्सपेयर बनने पर खिलाड़ी कुमार ने यूं जताई खुशी

अक्षय कुमार पिछले 30 वर्षों से अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते आ रहे हैं। इस सफर के दौरान अभिनेता ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दी हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पा रही हैं। इसका बड़ा कारण है फिल्म प्रमोशन के दौरान अभिनेता द्वारा दिए गए बयान। जी हां, अभिनेता के बयानों और ट्वीट्स ने लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है जिसकी वजह से सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें आए दिन ट्रोल करते रहते हैं। यहां तक की उच्चतम करदाता के रूप में सम्मानित होने पर भी अभिनेता को ट्रोल्स का सामने करना पड़ा।



### अक्षय कुमार ने कही दिल की बात

दरअसल, बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को हाल ही में आयकर विभाग ने देश के उच्चतम करदाता के रूप में सम्मानित किया गया था। अक्षय कुमार ने हाईएस्ट टैक्सपेयर बनने पर खुशी जाहिर की है। अभिनेता ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह जानकर बहुत अच्छा लगता है कि आयकर विभाग सभी चीजों को ध्यान में रखता है और लोगों को श्रेय देता है। साथ ही, यह सोचकर भी सुकून मिलता है कि जो भी आप इस देश में रहकर कमा रहे हो, आप उसे देश को वापस दे रहे हो। यह सबसे अच्छी भावनाओं में से एक है।

### रक्षा बंधन को बायकॉट करने की मांग

इतना ही नहीं रिलीज के एक हफ्ते पहले अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'रक्षा बंधन' को ट्विटर पर नेटिजन्स का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। नेटिजन्स के एक वर्ग ने अक्षय के पुराने साक्षात्कारों की क्लिप और ट्वीट्स भी वायरल करना शुरू कर दिया है जिसमें अभिनेता महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कह रहे हैं कि आज के दिन दूध बर्बाद करने की बजाए किसी गरीब को दें। अभिनेता अक्षय कुमार के इन ट्वीट्स, वीडियो साक्षात्कारों और कनिका ढिल्लियन के पोस्ट की वजह से एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है और नेटिजन्स रक्षा बंधन के बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं।

इस खबर के नीचे यूजर्स कमेंट कर अभिनेता को ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मोदी जी तो तुम्हारी ज्यादातर फिल्में टैक्स फ्री कर देते हैं...। वहीं अन्य यूजर ने लिखा, कोई आश्चर्य नहीं कि अब आपको पेट्रोल के बढ़ते दाम या रुपये की कीमतों में आई गिरावट की परवाह नहीं है। 2014 से पहले तो आप दोनों का मजाक उड़ाते थे। एक यूजर लिखता है, अक्षय कुमार ने कनाडाई निवासी होने का चुनाव क्यों किया जब उन्होंने अपनी अधिकांश फिल्मों में एक देशभक्त का किरदार निभाया है? क्या यह दोगलापन नहीं?

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### डाकघरों में उपलब्ध है राखी के लिफाफे

**जगदलपुर।** डाक विभाग द्वारा रक्षाबंधन पर्व में राखी भेजने राखी लिफाफे विक्रय की व्यवस्था की गई है। बस्तर संभाग के अंतर्गत प्रधान डाकघर जगदलपुर, कांकेर, उप डाक घर कोंडागांव, भानुप्रतापपुर, पखांजूर कैम्प, नारायणपुर, चारामा, केशकाल, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, किरंदुल, बचेली, गीदम, जगदलपुर सदर बाजार, कचहरी, रेल्वे कॉलोनी एवं धरमपुरा में राखी लिफाफे विक्रय के लिए उपलब्ध है। राखी भेजने के लिए जिला मुख्यालय में पीले रंग की पत्र पेटी स्थापित की गई है। आम जन राखी मेल पीले रंग की पत्र पेटी में पोस्ट करें। राखी स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से भेज सकते है। राखी भेजने के लिए विभाग ने अन्य राज्यों के लिए 16 अगस्त एवं राज्य के भीतर के लिए 17 अगस्त तक समय सीमा निर्धारित की है।

### स्कूलों में एक घंटे की लगेगी एक्सट्रा क्लास, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने शिक्षा गुणवत्ता को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। उनके द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि जिले में पिछले 25 जुलाई से 29 जुलाई तक शिक्षकों के सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर चले जाने से विद्यार्थियों के अध्ययनरत कार्य में जो व्यवधान उत्पन्न हुआ उसकी भरपायी के लिए विद्यालयों में एक घंटे अतिरिक्त समय देकर विद्यार्थियों को अध्यापन कराया जाए। उन्होंने इस आदेश के सभी विद्यालयों में पालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया है। इसके साथ ही उन्होंने समय-सीमा की बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्कूलों में बच्चों के परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए प्रतिमाह पूर्ण किए गए सिलेबस के अनुसार उनके मॉक टेस्ट लिए जाए। साथ ही परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के आधार पर उनके उत्तर लेखन का अभ्यास करवाया जाए।

# तिरंगा उपलब्ध कराने वाली दुकानों का चिन्हांकन होगा-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के लिए और 11 से 17 अगस्त तक मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह में ''हर घर झंडा'' कार्यक्रम के रूप रेखा को लेकर गहन चर्चा की। उन्होंने टीएल मीटिंग में हर झण्डा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने 5 अगस्त से इस प्रक्रिया की शुरूआत करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।**



इस अवसर पर उन्होंने मीटिंग में उपस्थित सभी नगर निगम आयुक्तों को नगरीय निकाय में तिरंगे के विक्रय के लिए दुकानें चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया ताकि नागरिकों को आसानी से झंडा उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही साथ सी-मार्ट में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि हर घर झंडा अभियान के अंतर्गत जिले भर में राष्ट्र गौरव को संवर्धित करने के लिए तिरंगा झंडा हर घर शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

इस अभियान में स्वयं सेवी संस्थानों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी शामिल होंने की अपील की। उन्होंने कहा की अभियान से नई पीढ़ी को देश की आजादी का महत्व बताने का प्रयास है। देशभक्ति की भावनाओं को विकसित करने के साथ देश के प्रति समर्पित रहने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा झंडा निर्माण किया जाएगा इसके लिए उनको प्रक्षिशण दिया जा रहा है ।

कलेक्टर ने जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर ने राष्ट्र ध्वज के मानकों का पालन करते हुए विभिन्न संगठनों एवं पदाधिकारियों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में झंडा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित करना, स्थानीय स्व सहायता समूह को झण्डों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने पाम्पलेट, बैनर सहित अन्य प्रचार माध्यमों की सहायता से स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करने कहा है। जिले में इस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान के लिए गाँव से लेकर शहर तक हर घरों में तिरंगा फहराने के लिए जिले के सभी नागरिकों से अपील भी की है।

# रोजगार के लिए आवेदन लेकर आयी महिला को कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जनदर्शन में ही सौंप दिया नियुक्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की संवेदनशील पहल से आज एक महिला जो जनदर्शन में रोजगार के लिए आवेदन लेकर पहुंची थी, उसे जनदर्शन में ही नियुक्ति पत्र तैयार कर दे दिया गया। दरअसल ग्राम तरकेला निवासी श्रीमती लीला पटेल द्वारा नौकरी के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पति शिक्षा कर्मी वर्ग एक में कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु होने के पश्चात आय का कोई साधन नहीं होने पर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उपरोक्त आवेदन पर तत्काल कार्रवाही करते हुए कलेक्टर श्रीमती साहू ने श्रीमती लीला पटेल को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में आया के पद पर तत्काल नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिसका नियुक्ति पत्र उन्होंने जनदर्शन में ही श्रीमती लीला पटेल को सौंप दिया। श्रीमती पटेल ने इस पहल पर कलेक्टर श्रीमती साहू के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब वे स्वयं से अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी।



जनदर्शन में विकासखड पुसौर ग्राम लोहरसिंह निवासी खगेश्वर पाव द्वारा अपने पिता के करेंट लगने पर मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती साहू को बताया कि आज पर्यन्त सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर श्रीमती साहू द्वारा सहायता राशि वितरण पर देरी पर सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए आवेदन पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों को आर्थिक सहायता से संबंधित जानकारी सभी जनपद सीईओ को प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे इस प्रकार के प्रकरण में पीड़ितों को समय में आर्थिक सहायता का लाभ प्रदान किया जा सके। ग्राम लेबड़ा निवासी श्री अमृत लाल ने आंख की रोशनी जाने के कारण कार्य करने में दिक्कत होने तथा राशन कार्ड व पेंशन जैसे सुविधा के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती साहू को बताया कि कार्य करने के दौरान आंख में चोट लगने के कारण उनको 40 प्रतिशत कम दिखाई देता है, जो इलाज के बाद भी ठीक नहीं हो पाया। जिससे कार्य करने की क्षमता प्रभावित हुई है एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती साहू ने सीईओ जनपद पंचायत को आवेदक के पात्रतानुसार शासन की योजना का लाभ प्रदान कर आवेदन के जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत गेरवानी के सरपंच एवं पंच द्वारा गोठान समिति के भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उनका कहना कि महिला समूह द्वारा विगत 10 माह से कार्य किया जा रहा है। जिससे समूह को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती साहू ने सीईओ जिला पंचायत को कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज लगभग 120 लोगों ने कलेक्टर श्रीमती साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उपस्थित सभी अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# जिले में गौमूत्र की खरीदी निरंतर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला के गौठानों में पशुपालकों से गौमूत्र की खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। शासन द्वारा इस योजना के माध्यम से गौमूत्र की खरीदी प्रारंभ करने से जिले के पशुपालकों में सर्वस्त्र हर्ष व्याप्त है।**

राज्य शासन की योजना के अंतर्गत गौठानों के माध्यम से गौमूत्र की खरीदी के आज छठवें दिन बरही गौठान में 18.5 लीटर एवं जेवरतला गौठान में 05 लीटर गौमूत्र की खरीदी की गई। राज्य शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना के फ्लस्वरूप पशुपालकों को उनके गौमूत्र की बिक्री की सोंच वास्तविकता में परिणीत होने से उनके लिए यह योजना किसी बड़े सपने के साकार होने से कम नहीं है। आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही गौठान में ग्राम बरही के पशुपालक चैतुराम एवं चुरामन गौमूत्र की खरीदी होने से ये दोनो पशुपालक बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। किसान चैतुराम ने कहा कि राज्य शासन के द्वारा उनकी गौमूत्र की खरीदी करने से आज उन्हें अहसास हो रहा है कि हमारे पशुधन एवं गौमाता से होने वाले अनेक लाभ के अलावा उनके मल, मूत्र आदि हमारे लिए सबकुछ उपयोगी है। पशुधन हमारे लिए कृषि कार्य में उपयोगी होने के अलावा हमें जीवनदायिनी दुग्ध देने के साथ-साथ हमें कई तरह से फायदे पहुँचाती है। इसके साथ ही उसके मृत्यु के बाद भी चमड़ा, हड्डी आदि उसके शरीर का हर चीज उपयोगी होता है। इन सारी विशेषताओं के अलावा उनका मूत्र भी बहुमूल्य औषधि के रूप में हमारे लिए उपयोगी साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा गौमूत्र खरीदी की योजना प्रारंभ कर हम पशुपालकों को उनका वाजिब दाम दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीकांत अग्रवाल आ. स्व. हरिराम अग्रवाल निवासी 70/4, नेहरू नगर (वेस्ट) मिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 के द्वारा विक्रेता सुनील अग्रवाल आ. ओम प्रकाश गुप्ता निवासी 38 / 1, नेहरू नगर (ईस्ट) मिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 के हक व स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 48 रा.नि.म. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 97 रकबा 5.01 एकड़ भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदाकर विक्रय अनुबंध का निष्पादन अपने पक्ष मे करा चुका है अब मात्र केवल विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति संस्था बैक या निकाय को उक्त भूमि के या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध मे कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे व्यक्गित रूप से उपस्थित होकर सुसंगत् दस्तावेजो सहित लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि उपरान्त उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध व शून्य माना जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जाने।

**पंकज कुमार साहू**
**अधिवक्ता**

स्थान दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक 03/08/2022

## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता ज्ञानचंद जैन (GYANCHAND JAIN) आत्मज माघो लाल जैन (MAHDHO LAL JAIN) उम्र 56 वर्ष, निवासी-216, तमेर पारा, वार्ड न0-30 हटरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड -491001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि यह कि, मेरा नाम एवं पत्ता उपरोक्तानुसार सत्य है ।

यह कि मेरी जन्मतिथि- 20/08/1966 है, तथा मेरे नाम से जारी किया गया। आधार कार्ड, आयकर विभाग का पेन कार्ड में मेरा नाम ज्ञानचंद जैन (GYANCHAND JAIN) आत्मज माधो लाल जैन (MADHO LAL JAIN) दर्ज किया गया है, जो कि मेरा संक्षिप्त नाम हैं (03) यह कि मेरे नाम से जारी किया गया पासपोर्ट में मेरा नाम ज्ञानचंद (GYANCHAND) आत्मज माधो लाल (MAHDHO LAL) दर्ज किया गया है, जो कि मेर अधूरा नाम हैं।

यह कि मेरा नाम ज्ञानचंद जैन (GYANCHAND JAIN) आत्मज माधो लाल जैन (MAHDHO LAL JAIN) एवं ज्ञानचंद (GYANCHAND) आत्मज माघो लाल (MAHDHO LAL) है, जो कि दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता का ही नाम है।

यह कि निकट भविष्य में मेरे नाम से जो भी शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेज जारी होगें मैं उसमें अपना नाम ज्ञानचंद जैन (GYANCHAND JAIN) आत्मज माधो लाल जैन (MAHDHO LAL JAIN) उम्र 56 वर्ष, निवासी-216. तमेर पारा वार्ड नं0-30, हटरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-491001 सही व मान्य एवं संक्षिप्त नाम दर्ज करवाने के सत्यता के प्रमाण में यह शपथ-पत्र श्रीमान् के समक्ष सादर पेश कर रहा हूँ ।

शपथकर्ता

## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रतीक जैन (PRATEEK JAIN) आत्मज श्री ज्ञानचंद जैन (SHRI GYANCHAND JAIN) उम्र 35 वर्ष, निवासी-216, तमेर पारा, वार्ड नं0-30. हटरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड - 491001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य है ।

यह कि. मेरी जन्मतिथि- 03/01/1987 है, तथा मेरे नाम से जारी किया गया आधार कार्ड, आयकर विभाग का पेन कार्ड में मेरा नाम प्रतीक जैन (PRATEEK JAIN) आत्मज - श्री ज्ञानचंद जैन (SHRI GYANCHAND JAIN) दर्ज किया गया है. जो कि मेरा संक्षिप्त नाम है ।

यह कि मेरे नाम से जारी किया गया पासपोर्ट में मेरा नाम प्रतीक (PRATEEK) आत्मज ज्ञानचंद (GYANCHAND) दर्ज किया गया है, जो कि मेर अधूरा नाम है।

यह कि मेरा नाम प्रतीक जैन (PRATEEK JAIN) आत्मज श्री ज्ञानचंद जैन (SHRI GYANCHAND JAIN) एवं प्रतीक (PRATEEK) आत्मज ज्ञानचंद (GYANCHAND) है. जो कि दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता का ही नाम हैं।

यह कि निकट भविष्य में मेरे नाम से जो भी शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेज जारी होगें मैं उसमें अपना नाम प्रतीक जैन (PRATEEK JAIN) आत्मज - श्री ज्ञानचंद जैन (SHRI GYANCHAND JAIN) उम्र 35 वर्ष, निवासी-216, तमेर पारा, वार्ड नं0-30, हटरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड - 491001 सही व मान्य एवं संक्षिप्त नाम दर्ज करवाने के सत्यता के प्रमाण में यह शपथ-पत्र श्रीमान् के समक्ष सादर पेश कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

### कम वर्षा वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर फसल स्थिति का करें आंकलन - कलेक्टर

**सुकमा।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए जरुरी है कि गांवों में चिकित्सा सेवाएं नियमित रुप से प्रदान की जाए। रेगड़गट्टा में सामने आ रहे हाथ पैर में सूजन के मामलों के दुष्टिगत जिले के सभी गांवों में स्वास्थ्य सर्वे कर, संभावित व्यक्तियों के ब्लड सैंपल एकत्रित करने को कहा, जिससे ऐसी स्थिति से ग्रसित व्यक्तियों के साथ ही अन्य गंभीर लक्षण वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनका उचित उपचार किया जाए। उन्होनें रेगड़गट्टा में 4 अगस्त से रात्रिकालीन स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। इसके साथ ही गंभीर प्रकरणों को ही जिला अस्पताल रेफर करने को कहा। इसके साथ ही ग्राम के पात्र व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन पंजीयन करने के साथ ही शेष व्यक्तियों का आधार पंजीयन और राशन कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# हर घर तिरंगा अभियान : कलेक्टर सहित अधिकारियों ने खरीदे स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित झण्डे

श्रीकंचपथ न्यूज



**जांजगीर-चांपा।** जिले के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान और शान से लहराएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले को तिरंगा से सजाने की तैयारियां चल रही है। हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले से स्व-सहायता समूह की दीदियाँ झण्डा तैयार करने के साथ विक्रय करने में लगी है। कलेक्ट्रेट में आज समूह की महिलाओं ने झण्डे के विक्रय के लिए अपनी स्टॉल लगाई। इस स्टॉल से कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने झंडा खरीदा और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों व आम नागरिकों से हर घर में तिरंगा लगाए जाने की अपील की। हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा तैयार किया जा रहा है। तिरंगा हमारी पहचान है, इसकी प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 11 से 17 अगस्त तक विशेष रूप से घर-घर में तिरंगा झंडा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से झंडा तैयार कराया जा रहा है। जिसे जिला एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायतों में स्टॉल लगाकर विक्रय कराया जाएगा।


































## खास-खबर



### 24 घंटे में चाकू की नोंक पर लूट की दो घटनाएं, फलवालों से लूटी गई नकदी

**रायपुर ( ए )।** मंगलवार को राजधानी में चाकूबाजी की दो घटनाएं हुई। एक वारदात दिनदहाड़े तो दूसरी घटना शाम को हुई। लुटेरों ने कपड़ा बेचने वाले को धमकाकर और फल ठेला लगाने वाले को चाकू की नोंक पर लूटा है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस और सिविल लाइन थाना पुलिस ने लूट का अपराध दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में जमील मेमन ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अनुसार एचपी पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड भाठागांव की तरफ से वह कपड़ा बेचकर घर जा रहा था। रात के लगभग नौ बज रहे थे। भाटागांव चौके पास छोटू दादा नाम का युवक आया और उसका एक साथी थी था। दोनों पैसे की मांग करने लगे। जलीम ने पैसे देने से मना किया तो डरा-धमकाकर और जान से मारने की धमकी देकर शर्ट की जेब में रखे नकदी 450 रुपये और लोवर सहित कुल 12 सौ की लूट की वारदात की गई। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए आरोपित छोटू उर्फ शत्रुघन साहू और और दिनेश निर्मलकर को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की।

#### फल का दाम पूछा, चाकू दिखाकर लूट लिए 25 सौ

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई। अनार को रेट पूछा इसके बाद चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। गांधीनगर मून लाइट स्कूल के पास करण सोनकर फल का ठेला लगाता है। दो अज्ञात लड़के वहां आए। उन्होंने पहले ठेले में अनार का दाम पूछा और इसी दौरान अचानक से चाकू को उठाकर करण सोनकर से रुपये की मांग करने लगे। जेब में रखे नकदी 2500 रुपये लूटकर फरार हो गए। इस घटना से भयभीत करण लोगों के समझाने के बाद पुलिस के पास गया। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट लिख ली है। फिलहाल तक उसे लूटने वालों के संबंध में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# रायपुर के 8 खातों से रोज 1 लाख 9 हजार लूट रहे छह राज्यों के जालसाज

**रायपुर (ए)।** रायपुर के आठ लोगों को रोज 6 राज्यों के ठग ऑनलाइन सिस्टम से लूट रहे हैं। पिछले एक साल में 2 हजार 383 लोगों के खातों से 4 करोड़ से ज्यादा उड़ा लिए। इस लिहाज से रोज औसतन 1 लाख नौ हजार रुपए यहां के ठगों की जेब में जा रहे हैं। हर राज्य के ठगों का फार्मूला और पैटर्न अलग-अलग, पर बातों के इतने पक्के कि रोज चार-पांच लोग उनके जाल में फंसकर अपने पैसे लुटा रहे हैं।




गिरोह के सदस्य कभी फौजी तो कभी इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट बनकर कॉल करते हैं। पुलिस ने सभी 6 राज्यों के एक-एक गिरोह की पहचान कर ली है। दो दिन पहले दिल्ली में एक बड़े गैंग की तलाश में छापेमारी की गई। राजस्थान और झारखंड में भी साइबर सेल की टीम ने डेरा डाला है।

#### राजस्थान

राजस्थान भरतपुर और बुंदी के कई गांवों में ठग गिरोह सक्रिय है। यहां 5वीं-8वीं तक पढ़ने वाले युवक बाकायदा ट्रेनिंग लेकर लोगों के खाते में सेंध लगा रहे हैं। यहां के गिरोहबाज फौजी बनकर लोगों को फोन करते हैं। बाइक, कार की सौदाबाजी करते खाते हैक करते हैं।

#### झारखंड

जामताड़ा और देवघर के तीन दर्जन गांवों के ठग गिरोह रायपुर को लगातार टारगेट कर रहे हैं। यहां के ठग बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करते हैं। वे एटीएम ब्लॉक करने से लेकर खाता बंद करने की चेतावनी देकर जाल में फंसाते हैं।

#### उत्तरप्रदेश

यूपी के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ के कई ठग गिरोह फर्जी कंपनी और कॉल सेंटर चला लोगों को ठग रहे है। बेरोजगार युवकों को कॉल सेंटर में बिठाकर लोगों को फोन करते हैं और खाते में सेंध लगाते हैं। इसके अलावा बीमा के डूबे पैसे देने का झांसा देकर भी ठगते है।

#### दिल्ली

नई दिल्ली के कई अपार्टमेंट और आउटर में ठगों का गैंग कमरे किराए पर लेकर वहां से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं। यहां रहने वाले नाइजीरियन भी ठगी कर रहे हैं। नाइजीरियन गिरोह सोशल मीडिया में महिलाओं से दोस्ती करते है। उनसे ठगी करते हैं।

#### हरियाणा

हरियाणा के मेवात समेत कई जिलों में सक्रिय ठग गिरोह अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने में माहिर हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल होने वाले सभी लोग हरियाणा के गैंग से ही जालसाजी के शिकार हुए हैं।

#### ठगी रोकने बड़ा अभियान-एसएसपी

ऑनलाइन ठगी रोकने रायपुर में बड़े स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। लोगों को ठगी की जानकारी के साथ बचाव का तरीका बताया जाएगा। उनकी टीम लगातार ठगों पर कार्रवाई भी कर रही है।

-प्रशांत अग्रवाल,
एसएसपी

## रफ्तार ने ली जान

# ट्रक के पहिए के नीचे आए 4 साल के बेटे व पिता की मौके पर मौत



**बालोद ( ए )।** मंगलवार को दोपहर बालोद-राजनांदगांव मार्ग पर डेंजरजोन जुझारा नाला टर्निंग के पास ट्रक व बाइक में टक्कर हो गई। ट्रक के पीछे चक्के में दबने से सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने से बाइक सवार माली घोरी निवासी 41 वर्षीय लोकेश उर्फ पिंटू तिवारी व उनके 4 साल के बेटे दक्ष तिवारी की मौत मौके पर हो गई, वे हेलमेट नहीं पहने थे।

दोनों बालोद के मधु चौक स्थित निजी स्कूल से माली घोरी अपने घर वापस जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब लोग मौके पर पहुंचे तो ट्रक को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। पिता व बेटे के शव को पुलिस के वाहन से जिला अस्पताल लाया गया।

#### दोपहर को छुट्टी के बाद स्कूल से लौट रहे थे घर

मौके पर मौजूद माली घोरी निवासी पीयूष तिवारी ने बताया कि दोपहर को स्कूल की छुट्टी होने के बाद लोकेश तिवारी अपने बेटे दक्ष तिवारी को बाइक से घर ले जा रहा था। इस दौरान राजनांदगांव रोड की तरफ से स्पीड से आ रहे ट्रक के चालक ने ठोकर मार दी। जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां टर्निंग भी है। बाइक सवार पिता व बेटे ट्रक के पीछे पहिए की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस व 108 संजीवनी टीम को सूचना दी। देर शाम तक दोनों के शव का पीएम किया गया।

#### टर्निंग होने से जुझारा नाले के पास हर साल 15 हादसे

जिला यातायात विभाग व पुलिस के अनुसार जुझारा नाला के पास टर्निंग होने से सालभर में 10-15 सड़क हादसे होते है। इसलिए इस स्थान को डेंजरजोन के दायरे में रखा गया है। लोहे का बैरियर भी लगाया गया है, बावजूद स्पीड से वाहन चलाने की वजह से हादसे हो ही रहे है। बालोद टीआई नवीन बोरकर ने बताया कि ट्रक और बाइक में टक्कर होने से पिता व बेटे की मौत हुई है। ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304-ए, 279 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

#### इसी साल एडमिशन करा रोज स्कूल छोड़ने जाते थे

मालीघोरी के सरपंच फिरोज तिगाला, गोलू तिगाला ने बताया कि मृतक पिंटू घर के ईंट भट्ठा की देखरेख करने का काम करता था। बाइक के सामने में बिठाकर बेटे को घर ला रहा था। इसी साल बेटे का एडमिशन स्कूल में कराया था। जिसके बाद रोजाना घर से स्कूल और स्कूल से घर बेटे को बाइक से छोड़ते थे। मंगलवार को भी उसे लेने गया था। घटना के बाद दोनों के सिर से ब्लड निकल रहा था। बच्चा स्कूल यूनिफॉर्म में था। कंधे पर बैग लटका ही था। इसे देखकर लोगों की आंखें नम हो गई।

#### भाई कांवर यात्रा पर इसलिए आज होगा अंतिम संस्कार

मृतक पिंटू तिवारी का बड़ा भाई मुकेश कांवर यात्रा पर गया हुआ था। जिसे घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद वह कार से घर के लिए रवाना हो गया है। उनके आने के बाद बुधवार को दोनों शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया गया कि मृतक दक्ष तिवारी नर्सरी का छात्र था। परिवार का इकलौता बेटा था। इधर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# दोस्त ने अपनी साली से शादी का प्रस्ताव रखा, छात्र नहीं माना तो जंगल में पीटा

**कोरबा ( ए )।** घूमने के लिए गए एक छात्र को उसके दोस्त ने अपने ससुराल ले जाकर अपनी साली से शादी करने का प्रस्ताव रखा। छात्र के नहीं मानने पर वह अपने साथी के साथ उसे सुतर्रा जंगल ले गया, जहां दोनों युवकों ने उसे पीटकर बेहोशी की हालत में छोड़ दिया। मामले में कटघोरा पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दर्री थाना के नवागांवकला निवासी 12वीं कक्षा का एक छात्र शुक्रवार को गोपालपुर के पास से बस में बैठकर पुस्तक खरीदने कटघोरा गया था। यहां पहुंचने के बाद वह सड़क पर पैदल चलते हुए पुस्तक दुकान जा रहा था। रास्ते में उसे उसका दोस्त राकेश पुरी मिल गया, जो अपने साथी राहुल गिरी के साथ बाइक पर था।

## टोनही बोलने पर युवक की हत्या

# पड़ोसी की मां पर करता था जादू-टोने का शक, तो बेटे ने ही जान ले ली

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में मर्डर का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। मंगलवार रात मां एक युवक ने अपने पड़ोसी की सब्बल मारकर हत्या कर दी। पड़ोसी के परिवार के सदस्य अक्सर बीमार रहते थे। इसके चलते वह युवक के घर आकर उसकी मां पर जादू-टोने का आरोप लगाते हुए टोनही बोलता था। घटना तखतपुर थाना क्षेत्र की है। पिछले 23 दिनों में जिले में 12 लोगों की हत्या हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम हरदी निवासी हीरो लाल खांडे (32) के परिवार के सदस्य बीमार रहते थे। इस पर वह अपने पड़ोसी महिला और शिवकुमार बघेल की मां पर जादू-टोना करने का शक करता था। वह अपने परिवार के सदस्यों का इलाज करा रहा था। फिर भी उनकी तबीयत ठीक नहीं हो रही थी। इसके चलते वह आए दिन शिवकुमार बघेल के घर के पास जाकर उसकी मां को टोनही कहकर गाली देता था। मंगलवार देर शाम शिवकुमार के घर के पास जाकर हीरो लाल गाली देने लगा। शिवकुमार ने उसे गाली देने से मना किया। इसके चलते दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आए दिन के विवाद से परेशान शिव कुमार सब्बल लेकर आया और हीरोलाल पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शिकार कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।आए दिन मां को बोलता टोनही, इसलिए मार डाला


इधर, पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। टीआई सुमंत साहू ने आरोपी से पूछताछ की, तब उसने बताया कि हीरोलाल उसकी मां को आए दिन टोनही बोलकर गाली देता था।

# नशे में गाड़ी ड्राइविंग: 8 कार व 12 बाइक सवारों पर कोर्ट ने मंगलवार को 2 लाख जुर्माना वसूलने का दिया आदेश

**रायपुर ( ए )।** राजधानी में देर रात नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़े गए 8 कार व 12 बाइक सवारों पर कोर्ट ने मंगलवार को 2 लाख जुर्माना वसूलने का आदेश दिया गया। उनका लाइसेंस भी 3 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। लाइसेंस निलंबन से बचने के लिए उन्हें 5-5 हजार अतिरिक्त जुर्माना जमा करना होगा।

सड़क हादसों को रोकने शनिवार-रविवार रात 12-3 बजे तक विशेष अभियान चलाया गया। शहर के एंट्री पॉइंट पर गाड़ियों को रोककर ब्रीद एनलाइजर से ड्राइवर की जांच की गई। इसी दौरान 8 कार और 12 बाइक चालक नशे में मिले।

पुलिस ने उनकी गाड़ियां जब्त कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। मंगलवार को कोर्ट ने 20 चालकों के ऊपर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया है। पिछले 6 महीने में पुलिस ने 200 गाड़ियों पर कार्रवाई की है। उनसे 20 लाख जुर्माना वसूला गया है।



डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि शनिवार-रविवार को ज्यादातर लोग पार्टी या डिनर करने बाहर आते है। आधी रात तक सड़क पर ट्रैफिक का दबाव रहता है। हादसे में भी ज्यादा होते है। जब इन हादसों की समीक्षा की गई तो नशा मुख्य कारण सामने आया। इसलिए आधी रात को शहर के आधा दर्जन रास्तों पर फोर्स लगाकर जांच की गई।

इस दौरान 80-90 गाड़ियों को रोककर ब्रीद एनलाइजर से चेक किया गया। नशे में जो मिले उनकी गाड़ियां जब्त कर उन्हें घर भेज दिया गया। उनका चालान बनाकर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने नए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10-10 जुर्माना का जुर्माना किया है।

पुलिस ने बताया कि नशे में गाड़ी चलाते पाए जाने पर कोर्ट जुर्माना के साथ ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त या निलंबित करने का आदेश देती है। इसकी रिपोर्ट आरटीओ भेजी जाती है। अब तक 80 लोगों का लाइसेंस निलंबित किया जा चुका है। अधिकांश लोगों ने 5000 का अतिरिक्त जुर्माना देकर लाइसेंस का निलंबन बचा लिया है। कोर्ट चाहे तो 6 माह से लेकर 2 साल तक की सजा भी दे सकती है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा**
**शीतला मंदिर के पास सिंघौरी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**
E-mail Id-eeres.bemetara@gmail.com Phone No. 07824222332

क्र./1393/का.अभि/वलेलि/ग्रा.यां. सेवा/2022-23 बेमेतरा, दिनांक 27.07.2022

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 06**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मनरेगा एवं अन्य योजना के तहत बेमेतरा जिले में स्वीकृत होने वाले कार्यों के लिये सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकार विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/ डीलर से कार्य विभाग मैनुअल के अपेडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 12.08.2022 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है.

प्राप्त निविदाएं दिनांक 16.08.2022 को प्रातः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जावेंगी.

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/tender_test_report.aspx या पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 29.07.2022 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालय अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है.

(जे.एल. ध्रुव)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बेमेतरा
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

जी-93257/5

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**
Phone No. :-07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

**(E-Tender) सूचना प्रथम बार**

क्रमांक/ 14 /व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23 बालोद, दिनांक 01.08.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में डी वर्ग एवं उच्च वर्ग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित निविदा (E-Tender) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 16.08.2022 को अपरान्ह 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है तथा चूंकि ऑनलाईन निविदा दिनांक 16.08.2022 तक प्रस्तुत की जानी है। अतः मैनुअल दस्तावेज (अमानत राशि, सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज) स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 18.08.2022 तक अपरान्ह 5.30 बजे शाम तक पहुंचना अनिवार्य है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाले दस्तावेजों को मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा। तकनीकी दस्तावेज खोलने के बाद निविदाकार तीन दिवस के अन्दर ही अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्तियों का निराकरण पश्चात् ही निविदा खोला जावेगा।

कार्य का नाम "सखी" वन स्टाप सेन्टर भवन निर्माण बालोद विकासखण्ड एवं जिला बालोद
(टेण्डर नं. 105607)
निविदा की राशि रू. 45.36 लाख
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 1500/-, अमानत राशि रू. 45400/
कार्य पूर्ण करने की अवधि 10 माह

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 01.08.2022 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-93282/4

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### कावड़यात्रा निकालकर किया रुद्राभिषेक

**दुर्ग।** सिद्धेश्वर धाम मंदिर रामनगर उरला में प्रतिवर्ष की भांति इस श्रावण सोमवार के उपलक्ष में 1 अगस्त को प्रात: काल रुद्राभिषेक कावर यात्रा ,सिद्धेश्वर महादेव का जलाभिषेक आरती व भंडारे का आयोजन किया गया। सायंकाल महाआरती कर प्रसाद वितरण के साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रात:काल से देर रात्रि तक उरला ,रामनगर,गया नगर तथा दुर्ग शहर के श्रद्धालुओं का जनसैलाब भक्ति मय वातावरण में श्रावण सोमवार का आनंद उठाया गया। उरला के विभिन्न युवा संगठन ने आयोजन में भाग लेकर मंदिर से शिवनाथ नदी तक बाबा की सवारी धुमाल के साथ कावरियों की टोली निकली जिसमें महिला कावरिया के साथ बच्चे महिलाएं युवा युवतियों का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला । आयोजन में क्षेत्र के नागरिकों, युवा संगठनों का सहयोग सराहनीय था। पुलिस प्रशासन का सहयोग भी कार्यक्रम को निर्विध्न पूर्ण कराने में अहम भूमिका रही। सिद्धेश्वर धाम मंदिर प्रबंधन समिति आयोजन में किए गये सहयोग के समस्त श्रद्धालुओं का एवं संगठनों का हृदय आभार व्यक्त करती है। समिति के अध्यक्ष बी एल केशरवानी ने बताया कि 8 अगस्त को अंतिम श्रावण सोमवार के उपलक्ष्य में मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा रूद्राभिषेक का कार्यक्रम सायंकाल आयोजित किया गया है।

### पार्श्व तीर्थ नगपुरा में सूरि देव लब्धि गुरूदेव गुणानुवाद सभा

**दुर्ग।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में श्रावण सुद 5 को करुणा अवतारी तीर्थंकर नेमिनाथ प्रभु जन्मकल्याणक एवं तीर्थोपकारी कवि कुलकिरीट, व्याख्यानवाचस्पति पूज्यपाद सूरिदेव मद्विजय लब्धिसूरीश्वर जी म सा की पुण्यतिथि निमित्ते गुणानुवाद सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया, मैंनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुग्गड, वरिष्ठ ट्रस्टी भीखमचंदजी कोठारी ने तीर्थ परिसर में प्रतिष्ठित नेमिनाथ प्रभु एवं लब्धि सूरी जी म सा की अष्टप्रकारी पूजन किया। आरोग्यम् सभागृह में दुर्ग जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं भूपेन्द्र रिगरी संरपंच नगपुरा की अध्यक्षता में वर्धमान गुरु कुल द्वारा गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। प्रणाम- तू चेत मुसाफिर चेत जरा-जनारू जाय छे जीवन च्च जैसे स्तवनो से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में कल होगा महादेव का रुद्र महाभिषेक

# सवा लाख बेलपत्र में लिखा गया सीता राम





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 6 सी मार्केट भिलाई में सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण व रुद्र महायज्ञ का निर्माण आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में आज मंदिर प्रांगण में सवा लाख बेलपत्र में सीता राम लेखन का विधान पूरा किया गया। कल 4 अगस्त को भगवान भोलेनाथ का रुद्र महाभिषेक एवं श्रृंगार पश्चात महाआरती होगी। यहां सावन के पवित्र माह के अवसर पर श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 6 सी मार्केट में चार दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई। मंदिर परिसर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर इसकी पूजा अर्चना की जा रही है। महिलाओं ने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ किया। इसी कड़ी में आज बुधवार को सवा लाख बेलपत्र में सीता राम लेखन शुरू किया गया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान 2 अगस्त यानी मंगलवार को महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। शिवनाथ नदी का जल भरकर महिलाओं ने महादेव का अभिषेक किया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ महादेव की पूजा अर्चना की गई। श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर मार्केट भिलाई के मुख्य पुजारी पुत्तन महाराज ने बताया कि सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्र महा अभिषेक का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में 3 अगस्त को सवा लाख बेलपत्र में सीताराम लेखन किया गया। 4 अगस्त को रुद्र महाभिषेक एवं श्रंगार के बाद महाआरती व महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। 5 अगस्त को पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया जाएगा।

नाली पर मलबा डालने वाले दुकान मालिकों पर लगा जुर्माना

## निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने जुनवानी रोड का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सूर्या माल चौक से जूनवानी रोड का निरीक्षण किया। सुबह निरीक्षण के दौरान उन्होंने जुनवानी चौक के समीप कुछ दुकानों के अव्यवस्थित तरीके से लगे होने पर दुकानों की जानकारी ली, जानकारी के दौरान यह पता चला कि कुछ निजी भूमि पर अवस्थित तरीके से दुकानों को लगाने की अनुमति जमीन मालिक ने दी है, निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि भूमि की जांच की जाए निजी जमीन है या शासकीय जमीन।

दरअसल इन्हीं दुकानों के द्वारा नाली के ऊपर मलबा डाल दिया गया था, जिनसे निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जुर्माना भी वसूल किया जा चुका है, नाली के ऊपर मलबा डालने से नाली की सफाई में स्वच्छता विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वही बारिश के दिनों को देखते हुए नाली का प्रवाह भी रुक गया और सड़कों पर पानी बहने की नौबत आ सकती है।

इन्हीं सब कारणों से निगमायुक्त ने राजस्व विभाग की टीम को जमीन किसकी है इसका पता करने के निर्देश दिए है तथा नाली सफाई के निर्देश दिए है। वहीं निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कंडम पड़े वाहनों को यातायात विभाग से समन्वय बनाकर हटाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने मुख्य सड़क के किनारे की सफाई देखी तथा रोड स्वीपिंग भी देखी। दुकानदारों को कचरा डस्टबिन में ही रखने तथा सफाई कर्मचारियों को कचरा देने आयुक्त ने दुकान मालिकों से चर्चा की।

## जल संसाधन विभाग में 42 साल की सेवा के बाद रिटायर हुए एसडीओ झा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जल संसाधन विभाग धमधा के एसडीओ आनंद मूर्ति झा सेवानिवृत्त हुए। उन्होने विभाग में 42 साल की लंबी सेवाएं दी। अधिकांश समय वे दुर्ग जिला में ही पदस्थ रहे। जिले में एनीकट,नहर व नाला निर्माण कार्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। धमधा में एसडीओ रहते हुए उन्होने क्षेत्र में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने उल्लेखनीय कार्य किए है। झा के सेवानिवृत्ति उपरांत सोमवार को जल संसाधन विभाग दुर्ग के तांदुला डिवीजन स्थित सभागार में उन्हें विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान उनका शाल,फल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।विदाई समारोह में शामिल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त एसडीओ आनंद मूर्ति झा के विभागीय कार्यों को याद करते हुए कहा कि झा ने विभाग के कार्यों को बखूबी सम्पादित करने में अपना बड़ा योगदान दिया है। जिससे जनता को बड़ा लाभ मिला है। ऐसी स्थिति में झा को कर्मयोगी कहना अतिशयोक्ति नही होगी। विदाई समारोह में हाल ही में जल संसाधन विभाग रायपुर से मुख्य अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुए डीपी जैन को भी विदाई दी गई। विदाई समारोह में दुर्ग जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता सुरेश पांडेय, शामिल होकर सेवानिवृत्त एसडीओ आनंद मूर्ति झा को विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## लापरवाह इंजीनियरों के विरुद्ध होगी कार्यवाही - महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने निगम क्षेत्र में जारी विकास कार्यों को लेकर डाटा सेंटर वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक आयोजित की। निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में हो रहे विकास कार्यों से संबंधित शीघ्रता से निराकरण करने कहा। प्रधानमंत्री आवास, गोठान सहित अन्य कार्यो व बचे हुए वार्डो के कार्य के गतिविधियों को गंभीरता से लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, ऋषभ जैन, दीपक साहू, संजय कोहले, भोला महोविया, हमीद खोखर, जमुना साहू, शंकर ठाकुर, मनदीप सिंह भाटिया के मौजूदगी में इंजीनियरों के साथ निगम क्षेत्र में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक। बैठक में सभी वार्डो में विकास कार्यों से संबंधित अधिकारीयो से कार्यों की जानकारी लेते हुए शासन की योजनाओं को हर व्यक्ति को लाभान्वित कराने के उददेश्य लेकर कार्य करने कहा। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान महापौर ने अधोसंचरना मद के तहत विकास कार्यो के साथ विकास कार्य और सभी वार्डों पर प्रस्तावित कार्यो पर विस्तार से चर्चा की, 14 वे वित्त का कार्य, 15 वे वित्त, अधोसंरचना, महापौर निधि, पार्षद निधि संधारण मद सभी कार्यों को समय सीमा में करने डीएमएफ के कार्यों को भी समय सीमा पर करवाये, विकास कार्यों को गुणवत्ता हो। अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए समस्त अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। शहर में मूलभूत व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए शहर के वार्डों में हो रहे विकास कार्यो को निरन्तर कार्य जारी रखने को कहा गया।

# पेयजल व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त, पानी व्यर्थ बहता देख कहा- नलों में टोंटी लगवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** शहर में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करने मंगलवार को अलसुबह आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सुबह नल खुलने के समय मालवीय नगर, दीपक नगर सहित शिक्षक नगर व तकिया पारा वार्ड पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, सहायक अभियंता आरके जैन, उपअभियंता राजेन्द्र धबाले, उपअभियंता भीमराव, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर, कपीश दीक्षित सहित अमृत मिशन के ठेकेदार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बस्तियों में पानी सप्लाई की व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने निर्देश दिया। इस दौरान नलों से पानी व्यर्थ बहता देख अधिकारियों को नलों में टोंटी लगाए जाने निर्देशित किया। आयुक्त प्रकाश सर्वे को वार्ड के रहवासियों ने बताया कि यहां समस्या काफी गंभीर हो जाती थी। पहली बार अमृत मिशन के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचा है। इससे पानी की समस्या कुछ हद तक दूर हो गई है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने चार वार्डों में लोगों से पानी के प्रेशर के बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रकाश सर्वे ने देखा कि कुछ जगहों पर पानी व्यर्थ बह रहा था। इस पर उन्होंने ने लोगों से कहा कि पानी बहुत मूल्यवान वस्तु है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि यह देखें कि इसका उचित उपयोग हो सके। यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो सबकी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त पानी है। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों में प्रेशर की दिक्कत का मामला सामने आया। इस पर उन्होंने ने तकनीकी परीक्षण कर इसे दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने निगम अधिकारियों से कहा कि दोनों वक्त नल खुलने के समय मानिटरिंग के लिए मौजूद रहें। किसी घर में यदि नल कनेक्शन में जलापूर्ति में कुछ समस्या आ रही है अथवा प्रेशर की कमी है तो इसे तुरंत ठीक करने की कार्रवाई की जाए।


# पं. रवि शंकर और पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर भिलाई बिरादरी ने किया स्मरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननेता स्व. पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के अवसर पर 2 अगस्त, 2022 को भिलाई के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 के सम्मुख स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष प्रात: 9.30 बजे एक समारोह का आयोजन कर स्मरण किया और बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेस सेवादल, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात बिरादरी और इस्पात नगरी के नागरिकों ने स्व. पं. रवि शंकर शुक्ल और षहीद स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक स्व. भजन सिंह निरंकारी और हाल ही में दिवंगत कांग्रेसी नेताओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्य के लिये उपस्थितों का पौधा वितरित कर वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बी डी कुरैषी, पूर्व पार्षद एवं श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्र, पूर्व महापैार एवं अंत्यावसायी, सहकारी एवं वित्त विकास निगम की उपाघ्यक्ष नीता लोधी, दुर्ग जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू, श्रीमती मायारानी षुक्ला और सतीष पारख, राजीव चैबे ने सम्बोधित किया और भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के प्रणेता पं. रविशंकर शुक्ल के योगदान और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका पुण्य स्मरण किया। कान्यकुब्ज समाज के स्वदेष षुक्ला, जयेष षुक्ला, पं. राकेष षुक्ला, पं. ष्याम कुमार तिवारी, पं. राम लखन तिवारी, गफ्फार खान, अरूण सिंह, प्रषान्त क्षीरसागर, श्रीमती सरला पोद्दार, श्रीमती देवांगन, श्रीमती सरिता परघनिया, सुभाष गुप्ता, आर के तिवारी, अषोकगिरी, आर के पाण्डेय, सुमा प्रेम गुप्ता, आर डी कोरी, तोप सिंह वर्मा, राकेष तिवारी, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, सनत कुमार सहित गणमान्य नागरिकों ने पं. रविशंकर शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और पं. शुक्ल के योगदानों का स्मरण करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन पं रवि शंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के महासचिव मनोज मिश्रा ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन 'स्मेफी' (एचएमएस) के प्रदेष संगठन सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार अषोक पंडा ने किया।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950